हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

5 मार्च, 1980

खण्ड 1, अंक 3

अधिकृत विवरण

विशय सूची

बुधवार, 5 मार्च, 1980

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एवं उतर	(3)1
नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्र नों के लिखित उतर	(3)21
अतारांकित प्र न एवं उतर	(3)29
अध्यक्ष द्वारा घोशणाः–	
सदन की बैठकों के समय संबंधी	(3)42
अध्यक्ष द्वारा रूलिंगः–	
राज्यपाल के अभिभाशण में पहली सरकार की उपलब्धियों के वर्णन सम्बन्धी	(3)43
ध्यानाकर्शण सूचनाः–	
आव यक वस्तुओं अर्थात् मिट्टी का तेल, चीनी, सीमेंट, वनस्पति–घी आदि की कमी संबंधी	(3)44
वक्तव्यः–	

खाद्य तथा पूर्ति मंत्री द्वारा डीजल की भारी कमी तथा त्रुटिपूर्ण एवं अनुचित तकसीम सम्बन्धी	(3)46
राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)	(3)48
वैयक्तिक स्पश्टीकरणः—	
डाक्टर मंगल सैन द्वारा	(3)84
राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)	(3)84
वैयक्तिक स्पश्टीकरणः—	
स्वामी आदित्यवे ा द्वारा	(3)88
राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)	(3)89

हरियाणा विधान सभा

बुधवार, 5 मार्च, 1980

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर 1, चण्डीगढ़ में 14.00 बजे हुई। अध्यक्ष (कर्नल राव राम सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उतर

श्री अध्यक्ष: मैम्बर साहेबान, अब सवाल होंगे।

Number of F.I. Rs.

***1437. sh. Hira Nand Arya:** Will the Chief Minister be pleased to state the district-wise number of F.I. Rs. lodged since Sh. Bhajan Lal took over as Chief Minister to-date together with number of cases not traced-out so far in the State?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): उक्त विधान सभा प्र न से सम्बन्धित सूचना एकत्रित करने में लगने वाले समय व परिश्रम के तुल्य उससे उत्पन्न कोई वि ोश लाभ नहीं होगा।

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, यह ला एंड आर्डर का सवाल है। अगर इतनी इनऐफिि ाएन्सी है कि ये सवाल का जवाब भी नहीं दे सकते तो इन्हें गवर्नमैंट चलाने का क्या हक है ?

Mr. Speaker: I must ask the Hon. Members not to cast aspersions like this. According to the Rules, the Government is perfectly within its rights to say that the time and labour involved in collecting the information will not be commensurate with any possible benefit to be derived there-from.

श्री हीरा नन्द आर्य: आपके द्वारा हम रिक्वैस्ट तो कर सकते हैं कि वे हमारे सवाल का जवाब दें।

Mr. Speaker: I would request you to put your point in a polite language.

चौधरी राम लाल वधवा: अध्यक्ष महोदय, ये भाायद इसलिए जवाब नहीं देना चाहते क्योंकि क्राइम्ज बढ़ गए होंगे।

Mr. Speaker: Next question, please.

Appointment of work charged Employees

***1434. Master Jogi Ram:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state:-

(a) the number of work charged employees appointed in the Grid Sub-Station Construction Division,

Fazilpur (Sonepat) of Haryana State Electricity Board since 1-4-1979 to date;

(b) the number of employees out of those mentioned in part(a) above belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Backward Classes, respectively;

(c) the agency through which the said employees have been recruited; and

(d) the number of employees out of those mentioned in part(a) above recruited through the Employment Exchanges?

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी मेहर सिंह राठी):

(क) 45

(ख) अनुसूचित जाति 1

अनुसूचित कबीले 2

पिछड़े वर्ग 5

(ग) वि ोश कार्ययुक्त श्रमिकों को कार्यकारी अभियंता ग्रिड कन्सट्रक ान डिवीजन, हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड फाजिलपुर (सोनीपत) द्वारा अपने चार्ज के अधीन उप मंडल के आव यक कार्य की आव यकताओं को पूरा करने के लिए भर्ती किया गया था।

(घ) यह आव यक कार्य हूतु लगाये गये वि ोश कार्ययुक्त श्रमिक रोजगार कार्यालय के माध्यम से नहीं लिये जा सके थे।

मास्टर जोगी रामः क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि 45 कर्मचारियों मे से अनुसूचित जाति का केवल एक कर्माचारी लेने चाहिए थे?

चौधरी मेहर सिंह राठीः अध्यक्ष महोदय, हमने अनुसूचित जाति, अनुसूचित कबीले और पिछड़े वर्ग से कुल मिलाकर 8 कर्मचारी भर्ती किए हैं। इसके अलावा, अध्यक्ष महोदय, मैं अर्ज कर दूं कि तीन महीने के कम समय के लिए जो भर्ती होती हैं, वह एम्पीलायमैंट ऐक्सचेंज के थ्रू नहीं की जाती बल्कि आन द स्पौट लेबर लगाई जाती हैं, उसमें यह बात भी नहीं देखी जाती कि 20 परसैंट का कोटा अव य पूरा हो।

श्री जय नारायण वर्माः अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने अभी बताया नहीं कि आरक्षण का नियम इस तरह के वर्क–चार्जड ऐम्पालाइज की भर्ती के समय लागू नहीं किया जाता। क्या मंत्री महोदय बातएंगे कि इस नियम का उल्लघंन क्यों किया जाता हैं?

श्री अध्यक्षः इसका जवाब आ चुका हैं। उन्होंनें कहा हैं कि वर्कचार्जड वैकेन्सीज के अगेन्सट जो आदमी मौके पर अवेलेबल होते है उनको लगा देते हैं और पर्मानैन्ट वैकेन्सीज के विरूद्ध लगाने के लिए ऐम्पालायमैंट ऐक्सचेंजिज से नाम आते हैं।

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहूगा कि ये जो वर्कज लगाए गए है ये कितने अर्से से लगे हुए हैं?

चौधरी मेहर सिंह राठी: ये तीन महीने से कम अवधि के लिए लगाए गए थे लेकिन अध्यक्ष महोदय अगर कई बार महकमे का काम तीन चार दिन फालतू भी चला जाए और वर्कर्ज कुछ दिन फालतू काम रह जाएं तो कोई गलत बात नहीं होती क्योंकि ऐसा तो हो नहीं सकता कि उन्हें काम बंद करके एकदम भगा दिया जाए।

श्रीमति डा0 कमला वर्मा: क्या मंत्री महोदय जी बताएंगे कि वर्कचार्जड ड्यूटी करने वाले कर्मचारी ऐडहांक बेसिज पर ही चलते रहेंगे या इन्हें रैगुलर करने का कोई विचार हैं?

चौधरी मेहर सिंह राठी: इसके लिए ये सैपरेट नोटिस दें क्योंकि मूल प्र न से इसका कोई सम्बन्ध नहीं हैं।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, मैं सदन को बताना चाहूंगा कि इस किस्म के जो ऐडहॉक कर्मचारी हैं जिनकी सर्विस 10–10, 15–15 साल से चल रही हैं, इनके बारे में सरकार सहानुभूति विचार करेगी और जिस हद तक स्थान होंगे उस हद तक इनको रैगुलर करने की बहुत जल्दी कोि ा ा करेगी।

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, मिनिस्टर साहब अब नोटिस में लाए हैं कि तीन महीने से कम अवधि के लिए वाली भर्ती पर हरिजनों के लिए रिजर्वे ान की कोई फीसदी मुकर्रर नहीं हैं। क्या मैं मंत्री महोदय से यह पूछ सकता हूं कि यह चीज हाउस के नोटिस में आने के बाद सरकार इस बात पर ध्यान देगी कि ऐसी भर्ती के लिए रिजर्वे ान हो?

चौधरी मेहर सिंह राठीः स्पीकर साहब, यह क्वैं चन इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड से सम्बन्ध रखता हैं और उसका मैंने जवाब दिया हैं।

श्री भागी रामः अध्यक्ष महोदय, अभी मुख्य मंत्री महोदय जी ने बताया कि वर्कचार्जड ऐम्पलाइज को रैगुलर करने की कोि ा ा की जाएगी। लेकिन मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि जब 45 में से अनुसूचित जाति का केवल एक व्यक्ति इन्होंनें भर्ती किया हैं तो 20 परसैंट रिजर्व ान का कोटा कैसे पूरा किया जाएगा?

चौधरी मेरठ सिंह राठीः स्पीकर साहब, सड़को पर कई बार हम सैन्ट परसैंट लेबर हरिजनों को लगाते हैं, लेकिन नहीं मिलते तो दूसरे लोग भी लगा लिए जाते हैं। (विघ्न)

श्री गुलजारन सिंहः स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने अभी कहा हैं कि वैसे तो लेबर तीन महीने से कम अर्सा के लिए लगाई जाती हैं लेकिन कई बार फालतू समय भी लग जाता हैं। क्या मंत्री

महोदय जी बताएंगे कि इसमें कहीं ऐसा तो नहीं होता कि थोड़ी–थोड़ी मियाद बढातें रहते हो और जिन–जिन की ऐप्रोच हो उनकी रैगुलर करते जाते हों ताकि ऐम्पलायमैट ऐक्सचेंजिज से लेने की जरूरत ही न पड़े।

चौधरी मेहर सिंह राठीः अध्यक्ष महोदय, यह डेली वेजिज वालों की बात हैं।

चौधरी गंगा रामः स्पीकर साहब, अभी मंत्री महोदय ने कहा कि ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंजिज से नाम आए उनको काम पर लगा लिया गया हैं। जिला सोनीपत में दो ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंजिज हैं, एक सोनीपत के अन्दर एक गोहना के अन्दर। क्या मंत्री महोदय बतांएगे कि गोहना ऐम्पालामैंट ऐक्सचेंज से भी कोई आया? (विघन)

चौधरी मेहर सिंह राठीः स्पीकर साहब, मैंने तो यही कहा था कि तीन महीने से कम अवधि के लिए भर्ती की जाती हैं उसके लिए ऐम्पलायमैंट ऐक्सचेंजिज से नाम नहीं मंगवाए जाते।

चौधरी राजेन्द्र सिंहः क्या मंत्री महोदय जी बताएंगे कि इन पोस्टस के लिए ऐक्स सर्विसमैन के लिए कोई रिजर्वे ान होती हैं?

चौधरी मेहर सिंह राठीः जी नहीं।

श्री भले रामः स्पीकर साहब, मैं मंत्री महोदय की इस बात से सहमत नही हूं कि वर्कचार्जड भर्ती के ऊपर रिजर्वे ान के नियम लागू नही होते। सरकार की तो ये इंस्ट्रक ांज हैं कि ऐडहौक बेसिज पर जो कर्मचारी लगाए जाएंगे उनके लिए रिजर्वे ान होगी।

चौधरी मेहर सिंह राठीः वे इंस्ट्रक ांज तीन महीने से ज्यादा अर्से वाली अप्वायंटमैट्स पर लागू होती हैं।

श्री प्रीत सिंहः क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि ये 45 आदमी किस डेट को लगाए गए थे और क्या ये अब भी कंटिन्यू कर रहे हैं?

चौधरी मेहर सिंह राठीः स्पीकर साहब, यह सैपरेट क्वै चन हैं। ये लिख कर नोटिस दे दें, जवाब दे दिया जाएगा। (विघन)

चौधरी संत कबीरः अध्यक्ष महोदय, सवाल यह था कि 1–4–7–9 से कितने लोग लगाए गए हैं? 1–4–79 से अब तक कई महीने हो गए हैं। मैं मंत्री महोदय से यह जानना चहता हूं कि तीन महीने का अर्सा पूरा होने के बाद इन लोगों को क्यों नहीं हटाया गया ताकि ऐम्पालयमैंट ऐक्सचेंज के थ्रू भर्ती हो सकती?

चौधरी मेहर सिंह राठीः स्पीकर साहब, सवाल का पार्ट ए इस तरह था

''हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड के ग्रिड सब–स्टे ान कन्स्ट्र ान (निर्माण) डिवीजन, फाजिलपुर (सोनीपत) में 1–4–79 से आज तक कितने वर्कचार्जड कर्मचारी नियुक्त किए गए?''

एक पर्टिकुलर काम के लिए भर्ती की गई थी। उसके पूरा होने के बाद हो सकता हैं कि इनको दूसरी जगह लगा लिया गया हो। भाोर

Dr. Mangal Sein: It is a very sad affair that the Minister is not ready with the reply.

श्री अध्यक्षः वे जवाब तो दे रहे हैं।

Dr. Mangal Sein: It is not giving satisfactory replies. He must be reprimanded.

Mr. Speaker: Please let me do my job.

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय मंत्री महोदय ने अभी बताया कि किसी पर्टिकुलर काम के लिए तीन महीने के लिए डेली वेजिज पर वर्कर्ज रखे जाते हैं लेकिन अगर वह पार्टिकुलरी काम पूरा हो जाए और महकमा कहीं दूसरी जगह काम भाुरू कर दे तो हो सकता हैं कि उनको दूसरी जगह लगा लिया गया हो। (भाोर)

इस समय डा0 मंगल सैन सवाल पूछने के लिए खड़े हो हुए

श्री अध्यक्षः डा0 मंगल सैन जी आप एक मिनट बैठिए। मंत्री महोदय ने बताया कि फाजिलपुर डिवीजन में 45 आदमियों को 1–4–79 से लगाया हैं और जब वहां पर काम खम्म हो गया होगा तो उनको टार्मिनेट कर दिया गया होगा। मैं मंत्री महोदय जी से कहूगा कि वे इस बात को फिर से कलियर कर दें।

चौधरी मेहर सिंह राठीः मेरे पास इन्फर्मे ान नहीं है कि वहां पर काम चालू है या नहीं। अगर मैम्बर साहेबान जवाब चाहें तो मैं बाद में दें दूगा लेकिन इस समय नहीं।

डा0 मंगल सैनः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर, मैं आपकी रूलिग चाहता हूं कि जो मिनिस्टर हाउस में ठीक तरह से जवाब न दे सके, उसके बारे में हम क्या समझें?

श्री अध्यक्षः जितना सवाल था उसका तो उन्होंनें जवाब दे दिया हैं।

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, इन्होंनें यह कमिटमैंट नहीं की कि तीन महीने तक अगर किसी मुलाजिम को लगाना हैं तो वहां पर रिजवें ान परसेन्टज की पाबन्दी हैं। क्या ये खतरनाक असूल ले–डाउन नहीं कर रहे हैं और हजारों वर्कचार्जड कर्मचारियों को बिना रिजर्व ान लगाने की छूट नहीं दे रहे हैं?

Mr. Speaker: I think question has been answered well.

चौधरी मेहर सिंह राठी: यह बिजली बोर्ड की बात है सरकार की बात नहीं हैं। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष: मिनिस्टर साहब ने पहले बताया है कि वे फौरी तौर पर काम करने के लिए लगाये जाते है और कई जगहों पर तो सौ परसैन्ट हरिजन लगाए जाते हैं।

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, मिनिस्टर साहब ने अपने जवाब में बताया हैं कि 1—4—79 से 45 वर्कचार्जड ऐम्पालाइज लगाये हैं । अब उनको लगे हुये 240 दिन से ऊपर हो गये हैं। मैं मिनिस्टर साहब से जानना चाहता हूं क्या वे अब वे उसी जगह पर काम कर रहे हैं?

श्री अध्यक्ष: हो सकता हैं कि अब वे टार्मिनेट कर दिये गये हो। अगर आप उनसे यह सवाल पूछते कि वे टर्मिनेट कर दिये गये हैं या नहीं तो वे तैयार हो कर आते और जवाब देते। बिना नोटिस के वह इसका जवाब कैसे दे सकते हैं।

Constructions of Pucca Roads

***1450. Ch. Jagjit Singh Pohloo:** Will the Minister for Public Works (B&R) be pleased to state the district-wise total kilometers of pucca road constructed during the year 1977-78 and 1979-80 (upto 31st December, 1979), separately, in the state?

लोकनिर्माण मंत्री (कंवर राम पाल सिंह): अपेक्षित सूचना का विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत हैं।

Statement

Sr. No.	Name of District	Length metalled during the year in kilometers		
		1977-78	1978-79	1979-80 (up to 31-12-79)
1	Ambala	48	63	86
2	Bhiwani	50	25	4
3	Gurgaon and Faridabad	55	51	58
4	Hisar	92	50	44
5	Jind	27	30	26
6	Karnal	39	34	55
7	Kurukshetra	80	52	77
8	Mohindergarth	30	46	31
9	Rohtak	15	14	14
10	Sirsa	96	108	69
11	Sonepat	23	27	11

	Total	555	500	475

मूलचन्द जैनः स्पीकर साहब, इस सवाल के जवाब की कापी हमारे पास नहीं हैं। आपकी तरफ से हिदायत भी हैं कि सवालों के जवाबों की चार–पांच कापियां मुखतृलिफ मेंजो पर रखी जायेंगी।

श्री अध्यक्षः विधान सभा सचिवालय को चाहिए कि वह रिप्लाइज की और भी माजरा कापियां हाउस में रखा करें।

श्री फतेह चन्द विजः स्पीकर साहब मेरी कांस्टिचुएंसी के कुछ गांव हैं जैसे राना माजरा, नवादा, जलाल.....(विघन)

श्री अध्यक्षः इस सप्लीमैंटरी का इस सवाल से कोई सम्बन्ध नहीं हैं सवाल यह हैं किस जिले में कितने सड़के बनायी गयी हैं?

चौधरी राम लाल वधवाः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मिनिस्टर साहब से पूछना चाहता हूं कि कांस्टिचुएंसी वाईज कितनी सड़के बनायी गई हैं?

श्री अध्यक्षः इसके लिए सैपरेट नोटिस दें। मैं आगे बैठे हुए मैम्बर साहब से रिक्वैस्ट करूंगा कि वे बैक बैचर्ज को भी

टाईम लेने दिया करे। आगे बैठे हुए मैम्बरान अपनी मौनीपली न बनायें।

चौधरी हुकम सिंहः क्या मिनिस्टर महोदय बतायेंगे कि जिलेवार सिंगलन लिंक रोडज कितनी बनायी गई हैं और डुप्लिकेट लिंक रोडज कितनी बनायी गई हैं?

कंवर राम पाल सिंहः प्रायरिटी बेसिज पर सिंगल लिंक रोड्ज बना रहे हैं लेकिन जहां पर बहुत जरूरी हैं वहां डुप्लिकेट लिंक रोड्ज को भी प्रायरिटी दे रहे हैं।

चौधरी उदय सिंहः स्पीकर साहब, कुछ सड़के ब्लाक समितियों और जिला परिशदों द्वारा बनायी हुई हैं। वे सड़के अब टूट चुकी हैं। उन सड़को पर जो पैसा लगा हुआ था वह बरबाद हो रहा हैं। क्या मिनिस्टर साहब बतायेंगे कि उन सड़को को भी सरकार अपने हाथ में लेने जा रही हैं या लेने की कोई योजना हैं?

श्री अध्यक्षः यह बहुत अच्छा सवाल हैं।

कंवर राम पाल सिंहः इस सप्लीमैंटरी का इस सवाल से कोई सम्बन्ध नहीं हैं। अगर मेरे साथी सैपरेट नोटिस दें तो मैं जवाब दे दूंगा।

श्री अध्यक्षः मैं समझता हूं कि यह काफी बरनिंग टोपिक हैं। जिला परिशद् की रोड्ज पर जितना पैसा सैपरेट नोटिस दें तो मैं जवाब दू दूंगा।

श्री अध्यक्षः मैं समझता हूं कि काफी बरनिंग टौपिक हैं। जिला परिशद् की रोड्ज पर जितना भी पैसा लगाया गया था वह जाया हो रहा हैं। अगर मिनिस्टर महोदय जवाब दे सकें तो दे दें।

कंवर राम पाल सिंहः स्पीकर साहब, जो सड़के ब्लौक समितियों की और मार्किट कमेटियों की हैं, उन सड़को के बारे में फैसला किया गया हैं कि जैसे फन्डज मिलते रहेंगे उनको प्रोविन्सिलाइज करते रहेंगे। कुछ सड़को को सरकार ने अपने अधिकार में लिया हैं और कुछ बाकी हैं उनको भी फन्डज मिलने पर लिया जायेगा।

श्री अध्यक्षः मैं अपनी तरफ से सरकार से निवेदन करूंगा कि यह एक महत्वपूर्ण सवाल हैं। इन सड़को के बारे में जल्द से जल्द कार्यवाही होनी चाहिए।

कंवर राम पाल सिंहः स्पीकर साहब, आपके हल्के में जो सड़के थी उनको तो हम ने प्रोविन्सिलाइज कर लिया है।

श्री अध्यक्षः मैं समझता हूं कि जितना जोर उन सड़को को प्रोविन्सिलाइज करवाने में लगाया हैं भाायद एक एम0 एल0 ए0 उतना न लगा सकें।

मुख्यमंत्री चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय जितनी भी सड़के जिला परिशद् पंचायत समितियों और मार्किट कमेटियों की हैं उनको सरकार एक सप्ताह के अन्दर–अन्दर टेक ओवर कर लेगी। (तालियां)

Mr. Speaker: I am most grateful to the Chief Minister for making this announcement.

श्री हीरा नन्द आर्यः क्या मंत्री महोदय यह बताने का कश्ट करेंगे कि जो जिला वाईज सड़के बनी हैं, उनमें अन्डर कन्स्ट्रक ान कितनी होती हैं और कितनी कंपलीट हो चुकी हैं?

श्री अध्यक्षः यह अलग सवाल हैं कि कितनी सड़के अन्डर कन्स्ट्रक ान हैं?

कंवर राम पाल सिंहः जितने सड़के पक्की कर दी गई हैं उनका पूरा विवरण दे दिया गया हैं। इसके अलावा जो इन कम्पलीट सड़के हैं उनके लिए अगर सैपरेट नोटिस दिया जायेगा तो जवाब दे दिया जायेगा।

चौधरी गया लालः अध्यक्ष महोदय, चालू वर्श में जो सड़के बननी हैं उनके बारे में सरकार की पालिसी हैं कि 200 घरों की आबादी वाले जो गांव हैं वहां भी सड़के बनायी गयी जायेंगी। क्या मंत्री महोदय यह बताएंगे कि मेरे हल्के में धनिया गांव हैं वहां पर भी सड़क बनेंगी?

श्री अध्यक्षः वैसे इस सप्लीमेंटरी का इससे कोई संबध नहीं हैं लेकिन अगर मंत्री महोदय जवाब देना चाहे तो दे सकते है।।

चौधरी राम कि ानः स्पीकर साहब, जिला जीन्द के अन्दर वर्श 1977–78 में 30 किलोमीटर और 1979–80 में 26 किलोमीटर सड़के बनी हैं, जबकि कुरूक्षेत्र जिला के अन्दर 1977–78 में 80 किलोमीटर, 1978–79 में 52 किलोमीटर तथा 1979.–80 में 77 किलोमीटर सड़के बनी हैं। क्या मंत्री महोदय जी बताएगे कि इस डिस्क्रिमे ान को दूर किया जायेगा?

श्री अध्यक्षः यह फिगर्ज तो बड़ी स्ट्राईक करने वाली हैं। It is a very good question.

कंवर राम पाल सिंहः जिला जीन्द अभी नया बना हैं और सोनीपत जिला भी दूसरे जिले से बना हैं। यदि सोनीपत जिले की फिगर्ज देखी जायें तो वे इस जिले से भी कम हैं। नया जिला होने की वजह से यह अन्तर हैं। भविश्य में इस अन्तर को दूर करने का ख्याल रखा जायेगा।

श्री सुरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय श्री रामकि ान बैरागी ने अभी कहा कि जिला जीन्द में वर्श 1979–80 में 26 किलोमीटर सड़के बनी हैं। स्पीकर साहब, इसी पीरियड में भिवानी जिले के अन्दर 4 किलोमीटर सड़के बनी हैं। विघ्न) मेरा सवाल यह हैं कि जब कहीं सड़के बनाई जाती हैं तो वहां पर कोई एप्लीके ान ली

जाती हैं या यहीं से कह दिया जाता हैं कि फलां सड़क बना दी जाये। विघ्न) मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि सड़के बनाने का क्राईटेरिया हैं?

कंवर राम पाल सिंहः स्पीकर साहब, इस स्टेटमैंट के साथ एक दूसरी और स्टेटमैंट लगी हुई हैं। इस स्टेटमैंट के अनुसार भिवानी जिले में सबसे अधिक सड़के बनी हुई हैं। इस के अनुसारी वहां 99.57 परसैन्ट सड़के बनी हैं। इस फिगर्ज को देखते हुए भिवानी जिले के अन्दर अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे अधिक सड़के बनी हैं। दूसरे जिलों को बराबर लाने के लिए वहां सड़के बनाई जा रही हैं।

श्री अध्यक्षः इसके साथ जो दूसरे स्टेटमैंट लगी बताई गई हैं वह तो मेरे पास नहीं हैं।

कंवर राम पाल सिंहः सर, मेरे पास ऐडि ानल इन्फर्मे ान हैं, उसमें से मैंने यह इन्फर्मे ान दी हैं।

श्री मांगे राम गुप्ताः स्पीकर साहब, अभी श्री रामकि ान बैरागी के प्र न के उत्तर में मंत्री महोदय ने बताया कि जिला जीन्द बाद में बना हैं जबकि यह जिला तो जब हरियाणा बना उसी समय बन गया था। इसकी अपेक्षा सोनीपत जिला तो काफी बाद में बना हैं। इस प्रकार से यह जो फिगर्ज दी गई हैं इससे यह प्रतीत होता हैं कि वहां पर बहुत कम सड़के पक्की की गई हैं।

कंवर राम पाल सिंहः यदि परसैन्टज देखी जाय तो जो स्टेटमैंट मेरे पास हैं उसके हिसाब से जिला जीन्द के अन्दर 96.88 परसैन्ट सड़के बनी हैं।

चौधरी देस राजः स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि करनाल जिला के अन्दर जो गांव यमुना के साथ लगते हैं, क्या उन गांवो को भी सड़को से जोड़ा जायेगा?

श्री अध्यक्षः इस सप्लीमैन्टरी का इस सवाल से कोई संबंध नहीं हैं।

श्री फतेह चन्द विजः स्पीकर साहब, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि करनाल जिले के काफी गावों में जो सड़के अधूरी पड़ी हैं क्या उन को प्रायरिटी बेसिज पर बनाने का सरकार का कोई विचार हैं?

श्री अध्यक्षः इस सप्लीमेंटरी का इस सवाल से कोई संबध नहीं हैं।

श्री जय नारायण वर्माः अध्यक्ष महोदय, सदन की पटल पर रखी गई सूचना के अनुसार वर्श 1978–79 में 475 किलोमीटर सड़के पक्की की गई हैं। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूगा कि पिछली सरकार ने जिन गांवों के लिए सड़कें बनाने की मन्जूरी दी थी क्या उन सभी सड़को को पूरा कर दिया गया हैं या अलग से मन्जूर भुदा सड़के बनाई जा रही हैं?

कंवर राम पाल सिंहः जो सड़के मन्जूर भाुदा हैं उन सभी को पूरा किया जायेगा।

Shiffting of Headquarters of Industrial Concerns

***1428. Ch. Birender Singh:** Will the Chief Minister be pleased to state-

a) Whether there is any proposal under consideration of the Government to get the Headquaters os such Industrial concers which are not located in the territory of Haryana State shifted to pleased within the state;

b) if so, the steps so far taken or proposed to be taken in this behlaf; and

c) whether any extra revenue is likely to accrue to the State exchequer as a result of such shiffting ; if so, the details thereof?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) जी हां। जिन औद्यौगिक इकाईयों के भोयर कैपिटल में हरियाणा औद्योयोगिक विकास निगम ने धन रााि जुटाई हैं उन में से अधिकांा ने रजिस्टर्ड कार्यालय हरियाणा में स्थापित कर लिए हैं। दूसरी इकाईयां जिनको एच0 एस0 कोई सहायता नहीं मिली

हैं उनके हैडक्वाटर्ज हरियाणा में लाने के प्र न का परीक्षण किया जा रहा हैं।

(ख) हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम द्वारा औद्योगिक इकाईयों को भोयर कैपिटल सहायता देने के लिए हरियाणा राज्य में रजिस्र्ड कार्यालय स्थापित करने के विशय में भार्त लगाई जाती हैं। जहां तक अन्य इकाईयों का प्र न हैं, राज्य सरकार ने यह मामला भारत सरकार से उठाया कि संविधान में सं ाोधन करेके इस उद्दे य की पूर्ति की जाए।

(ग) इस चरण पर कोई वित्तीय अनुमान लगाना सम्भव नहीं हैं।

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब जो रिप्लाई हमको मिला हैं, उसमें तो यह लिखा हुआ नहीं हैं जो कुछ इन्होंनें पढ़ा हैं। पता नहीं ये कहां से पढ़ गये हैं।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, हमने इस सवाल कै जवाब के बारे में आपको लिखा हैं कि इसका रिवाईज्ड रिप्लाई यह हैं। यह सरकुलेट भी किया हुआ हैं। गवर्नमैंट किसी भी टाईम पर अपने जवाब को रिवाईज कर सकती हैं। हमने अपना यह

रिवाईजड जवाब विधान सभा सचिवालय को भेजा हैं और आपने यह सरकुलेट भी किया हैं।

श्री अध्यक्षः इस सवाल का जो रिवाईज्ड आनसर था, वह सब की मेंजो पर रख दिया गया हैं। (विघ्न भाोर) अगर आप सब मैम्बरान एक साथ बोंलेगे तो हाउस कैसे काम कर सकेगा?

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः मुख्य मंत्री जी को मैं यह स्पश्ट करना चाहता हूं कि पिछले अढाई तीन सालों के अन्दर यह सवाल दो तीन–चार बार पूछा गया हैं और रिप्लाई कि 'Question of shifting the registered offices of the units other than these (in which HSIDC has participation) is under examination,' हमे ाा मिलता रहा हैं। क्या मुख्य मंत्री महोदय इस बात के लिए कोई डैड लाईन फिक्स करने के लिए तैयार हैं कि इस डेट तक इन यूनिट्स के हैड आफिसिज हरियाणा में आ जायें।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, हमारे सामने कानूनी डिफीकल्टी हैं। हमने यह मामला भारत सरकार से उठाया हुआ हैं कि संविधान में सं ाोधन (यदि करना पड़े तो उसे भी) किया जाये। हम तब तक अपना कोई कानून नहीं बना सकते जब तक कि संविधान में सं ाोधन न कर दिया जाये। हम भारत सरकार से इस बारे में पत्र व्यवहार कर रहे हैं, ज्यों की वह इस बारे में सविधान में सं ाोधन करेंगे, त्यों ही हम यह कोि ा ा करेंगे कि ऐसे सारे यूनिट्स के हैड आफिसिज हरियाणा में आ जायें।

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, यह कहना कि एच0 एस0 आई0 डी0 सी0 ने जिन इंडस्ट्रियल यूनिट्स में पार्टीसिपेट किया हैं, उनमें ज्यादातर यूनिटस के आफिसिज हरियाणा में हैं, यह बहुत ही मिसलीडिंग हैं। इसलिए वे एक तो यह बतायें कि कितने ऐसे यूनिटस हैं जिनके आफिसिज अभी भी बाहर हैं? ऐसे यूनिट्स जिनमें एच0 एस0 आई0 डी0 सी0 का भोयर–कैपिटल हैं, वे 10–15 से ज्यादा नहीं होगें। लेकिन जहां तक दूसरे यूनिट्स का सम्बन्ध हैं, यानी जो प्राइवेट लोगों के अपने यूनिट्स हैं, उन्होंनें अपने हैड आफिसिज बम्बई, दिल्ली वगैरह भाहरों में रखे हुए हैं और वह अरबों रूपयों का माल हरियाणा की बिजली पानी व दूसरी सहूलियत लेकर बना रहे हैं और उसका फायदा उठा रहे हैं।.....

Mr. Speaker: No interruptions please. The question been better woreded. It should have been asked as to what is the number of units जिनके हैड–आफिसिज हरियाणा में ि ाफ्ट हो चुके हैं और कितने यूनिटस ऐसे हैं जिनके हैड–आफिसिज अभी ि ाफ्ट होने बकाया हैं?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, प्रान्त में कुल 22212 फैक्ट्रीज हैं जिनमें से 335 फैक्ट्रीज ऐसी हैं जिनके अफीसिज स्टेट से बाहर हैं। ज्वायंट सैक्टर की कुल 23 फैक्ट्रीज हैं इनमें से 18 ने अपने आफिसिज प्रान्त में ही खोल रखे हैं। बाकी की जो फैक्ट्रीज हैं, उनके लिए हमने भारत सरकार को

लिखा हुआ हैं। संविधान में सं ाोधन होने के बाद हम उनको कानून तौर पर मजबूर कर सकते हैं कि वे अपने हैड–आफिसिज प्रान्त में खोलें। लेकिन जब तक संविधान न हो, तब तक उन्हें मजबूर नहीं कर सकते कि वे हमारे यहां अपने हैड–आफिसिज खोलें।

Mr. Speaker: I must congratulate the Chief Minister on a very clear cut reply.

श्री वीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री महोदय ने, जो जवाब हमें पहले मिला हैं उसके अनुसार पार्ट (ए) का जवाब दिया हैं–'' जी नही'' और जब जो जवाब दिया गया हैं उसमें बताया गया हैं– ''जी हां'' और इसके साथ ही मुख्य मंत्री महोदय ने यहां पर लम्बा चौड़ा जवाब पढ़ कर सुना दिया हैं। इससे क्या समझ लिया जाये कि इन यूनिट्स के हैड आफिसिज ि ाफ्ट होने चाहिये या नहीं होने चाहियें?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जवाब वह होता हैं जो मंत्री पढ़कर सुनाये। हमने इस स्थान का रिवाईज्ड रिप्लाई सारे मैम्बर्ज की टैबल पर सरकुलेट करवा दिया हैं।

श्री अध्यक्षः जो जवाब मुख्यमंत्री महोदय ने दिया हैं, मैं उसके लिये उनको मुबारिकबाद देता हूं। इन्होंनें बड़ा स्पश्ट जवाब दिया हैं कि 22212 यूनिट्स में से केवल 335 यूनिट्स के दफ्तर हरियाणा से बाहर हैं। इसके लिए भी प्रयत्न किया जा रहा हैं और सैंटल गवर्नमैंट से ऐप्रोच किया गया हैं ताकि इनको दफ्तर भी

हरियाणा के अन्दर आ जायें। मैं समझता हूं कि इससे ज्यादा स्पश्ट जवाब और नहीं हो सकता। (व्यवधान व भाोर)

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री महोदय ने यह जवाब दिया हैं कि ज्वायंट सैक्टर वाली 23 फैक्ट्रीज में से 18 के हैड आफिसिज हरियाणा में हैं, केवल 5 के नहीं हैं। जब इन्होंनें यह भार्त लगायी हुई हैं कि ज्वायंट सैक्टर में लगने वाले उन्हीं यूनिट्स के हैडआफिसिज प्रान्त से बाहर क्यों हैं? दूसरे मैं मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जिन 335 प्राइवेट फैक्ट्रीज के हैड–आफिसिज हरियाणा में नहीं हैं, उनकी कुल प्रोडक ान कितनी हैं और उसकी वजह से स्टेट को कितने रैवेन्यू का लौस हो रहा हैं?

इस प्र न का उत्तर नहीं दिया गया

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, मुझे भी सप्लीमैंट्री पूछ लेने दीजिए। मैं काफी देर से कोि ा ा कर रहा हूं।

श्री अध्यक्षः आपको तो कई बार मौका दे चुका हूं।

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, आपने मुझे केवल एक सप्लीमैंट्री पूछने दिया हैं। उसके बाद मुझे आपने मौका नहीं दिया।

Mr. Speaker: Ch. Ram Ji Lal Ji, I have given you maximum chances.

चौधरी बीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री महोदय ने सवाल के पार्ट सी के जवाब में कहा हैं "Precise comptation is not possible at this stagee" एक तरफ तो मुख्य मंत्री जी यह जवाब देते हैं कि 335 यूनिट्स ऐसे होते हैं जिनके हैड–आफिसिज स्टेट से बाहर हैं और दूसरी तरफ रैवेन्यू के बारे में वे कहते हैं कि प्रिसाईज कमप्युटे ान पौसिबल नहीं हैं। व्यवधान भाोर

Mr. Speaker: Your question is differently read. Your question is, कितने ऐसे यूनिट्स, जिनके हैड–आफिसिज बाहर थे, प्रान्त के अन्दर आ गये और उनके प्रान्त के अन्दर आने की वजह से कितना रैवेन्य बढ़ा हैं?

Ch. Birender Singh: No, Sir, This is not my question. Part c of my question is, " whether any extra revenue is likely to accrue to the State exchange as a result of such shifting, if so, the details, thereof" मुख्य मंत्री जी ने यह बताया हैं कि केवल 335 यूनिट्स ऐसे हैं जिनके हैड–आफिसिज बाहर हैं। मैं इस बारे में जैन साहब की बातों से बिल्कुल सहमत हूं कि ये यूनिटस इतने बड़े–बड़े हैं कि यहां पर करोड़ो रूपया का माल बनता हैं। उन यूनिट्स के हैड आफिसिज स्टेट के अन्दर आ जाने से कम्पीटी ान तो बढ़ ही जायेगा लेकिन उससे गवर्नमैंट को रैवेन्यू कितना ज्यादा मिलेगा, यही मैं पूछना चाहता था?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदया, जैसे मैंने अभी कहा हैं कि 335 फैक्ट्रीज ऐसी हैं जिनके हैड आफिसिज हरियाणा प्रान्त से बाहर हैं। लेकिन हम उनको कानूनी तौर पर मजबूर नहीं कर सकते कि वे अपने हैड आफिसिज हरियाणा के अन्दर खोलें। हमने इसके लिए भारत सरकार से मामलाटेक–अप किया हुआ हैं कि संविधान में सं ाोधन करें ताकि हम ऐसे यूनिटस को इस बात के लिये मजबूर कर सकें कि वे अपना हैड–आफिस प्रान्त के अन्दर ही खोलें। व्यधान भाोर

श्री अध्यक्षः अगर सब मैम्बर साहिब एक साथ बोलेंगे तो मु ि कल हो जाएगी। मैं मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि अगर कमन्यूटै ान हो सके तो कमप्यूटे ान करके मैम्बर साहिब को इन–राइटिग जवाब दे दिया जाए।

चौधरी राम लाल वधवाः क्या मंत्री महोदय बताने की कृ पा करेंगे कि जब तक भारत सरकार इ स बारे में कोई फैसला नहीं करती, सरकार की और से जो सुविधांए इन इंडस्ट्रीज को दी जा रही हैं उनको वापिस लेकर उन्हें सरकार मजबूर करेंगी कि वे अपने हैड आफिस प्रान्त में ि ाफ्ट करें?

Mr. Speker: I think this will be black-mailing. This is not a supplementary.

Police Traning School, Madhuban

***1439. Sh. Mool Chand Jain:** Will the Chief Minister be pleased to state-

a) whether the Police personnel deputed to impart training to Constables, Head Constables and other ranks in the Madhuban Police Training school possess requisite qualifications and experience for the purpose;

b) whether all the staff referred in part a above is permanent; and

c) whether it is a fact that generally Police Officers who are departmentally punished or otherwise found in efficient are deputed to the Training school?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) पुलिस प्रि ाक्षण महाविद्यालय, मधुबन में ि ाक्षक स्टाफ को तीन वर्श के लिए प्रति–नियुक्ति पर अन्य पुलिस यूनिटस से लिया जाता हैं। वांछित योग्यता रखने वाले तथा अनुभवी अधिकारियों/कर्मचारीयों, जिन्हें पुलिस कार्य दोनों थोरिटिकल तथा प्रैक्टिल का ज्ञान हो, प्रि ाक्षण महाविद्यालय में नियुक्त किया गया है।

(ख) ि ाक्षक स्टाफ स्थाई नहीं हैं। इस स्टाफ को तीन वर्श के लिए पुलिस यूनिटों से प्रति नियुक्ति पर लिया जाता हैं।

(ग) यह कहना अनुचित हैं कि पुलिस प्र ाक्षण महाविद्यालय में उस स्टाफ को नियुक्ति रूप से किया गया हैं जो विभागीय दण्डित हैं या अनिपुण हैं। स्टाफ का चयन निश्पक्ष रूप से किया जाता हैं। प्राथमिकता विभिन्न विशय के वि ोशज्ञों को दी जाती हैं, जिन्हें पुलिस कार्य थोरिटिकल एवं प्रैक्टिल का ज्ञान हो।

श्री मूल चन्द जैनः क्या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि एक सब–इंस्पैक्टर जो एक रैगुलर थाने में तैनात हैं, उसको ट्रांसफर करके यदि कालेज में लगा दिया जाता है तो उसकी एडी ानल अलाउंस दिया जाता हैं?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, पुलिस में कोई ऐसा रूल नहीं हैं कि अगर किसी पुलिस अफसर को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करके यदि कालेज में लगा दिया जाता हैं तो उसकी एडी ानल अलाउंस दिया जाता हैं?

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री महोदय ने अभी बताया हैं कि स्टाफ का चयन निश्पक्ष रूप से किया जाता हैं। क्या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि निश्पक्ष चयन करने वाली एजेन्सी में कौन–कौन भाामिल है?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, आई0 जी0 साहब जो हैड आफ दी डिपार्टमैंट हैं, वह इस बात को देखते हैं कि

कौन आदमी किस काम के लिए उपयुक्त हैं। उसी आदमी को डिप्यूट किया जाता हैं।

श्री मूल चन्द जैनः स्पीकर साहब, मेरा सवाल तो यह हैं कि एक सब–इंस्पेक्टर जो एक रैगुलर थाने में काम कर रहा हैं, जब तक उसको एडी ान अलाउंस नहीं दिया जाएगा उसको क्या लालच हैं कि वह दिल लगाकर उस कालेज में काम करे?

श्री अध्यक्षः जैन साहब, किसी फौज के आदमी को या पुलिस के आदमी को गोली के सामने या किसी लड़ाई में भेज दिया जाए तो वह यह तो नहीं कह सकता कि मैं नहीं जाता।

श्री मूल चन्द जैनः जो आफिसर ट्रेनिंग कालेज में आता हैं अगर उसको स्पे ाल अलाउंस दिया जाए तभी वह अच्छी तरह से मन लगाकर काम करेगा। क्या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि सरकार के विचारधीन उसको स्पे ाल अलाउंस देने की कोई बात हैं जिससे कि वे पुलिस अफसर अच्छी तरह से काम कर सके।

Mr. Speaker: That will be an exploitaion

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, पुलिस और फौज के महकमे ऐसे हैं जिनमें अधिकारियों को अनु ाासन में रहना पड़ता हैं और इनमें चाहे किसी भी व्यक्ति की ड्यूटी कहीं भी लगा दी जाए उसको जाना पड़ता हैं। चाहे किसी व्यक्ति को मोर्च पर भेज दिया जाए वह मना नहीं कर सकता। जिनके जिम्मे जो ड्यूटी

लगा दी जाएगी उनको उस ड्यूटी का पालन करना पड़ता हैं। इसके लिए अलग से वेतन दिया जाए या स्पे ाल आलउंस दिया जाए यह कोई उचित बात नहीं हैं।

श्री भले रामः स्पीकर साहब, चीफ मिनिस्टर साहब ने अभी कहा हैं कि किसी भी पुलिस को कालेज में सजा के तौर पर नहीं भेजा जाता हैं। हमसे कई पुलिस के अफसर मिलते हैं और कहते हैं कि हमको सजा देकर मधुबन भेजा गया हैं। क्या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि वे ऐसा क्यों कहते हैं?

श्री अध्यक्षः यह कोई सवाल नहीं हैं।

श्री मूल चन्द मंगलाः स्पीकर साहब, आमतौर पर देखा गया हैं कि पुलिस का व्यवहार लोगों के साथ अच्छा नहीं होता हैं। पुलिस को कालेज में जो ट्रेनिंग दी जाती हैं क्या उसमें उनको इस बात की ट्रेनिंग दी जाती हैं कि वे अच्छा व्यवहार करें? क्या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि ट्रेनिंग देने के समय इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि ट्रेंनिग लेने वालो को यह सिखाया जाए कि उन्होंनें जनता के साथ कैसे व्यवहार करना है?

श्री अध्यक्षः इस क्वै चन का मेन क्वै चन से कोई सम्बन्ध नहीं हैं। मेरी माननीय सदस्यों से प्रार्थना हैं कि वे स्पेसिफिक सवाल करें और उसको भी मुख्तसिर करने की कोि ा ा करें।

श्री फतेह चन्द विजः मुख्य मंत्री महोदय ने सवाल के पार्ट 'सी' के जवाब में कहा हैं कि किसी को भी सजा के तौर पर मधुबन नहीं भेजा जाता। क्या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि किसी पुलिस अफसर को मधुबन भेजने के एक महीना या पन्द्रह दिन के बाद वहां से ट्रासफर कर दिया जाता हैं तो क्या उसको जब मधुबन भेजा गया था उस वक्त सजा दी गई थी या जब उसको मधुबन से ट्रांसफर किया गया, उस वक्त सजा दी गई थी?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, ऐसा काई रूल नहीं हैं कि किसी आदमी को कहां रखना हैं। जहां सरकार ठीक समझती है उस आदमी को वहां रखती हैं। स्पीकर साहब, हमारा मधुबन पुलिस ट्रेनिग कालेज हैं इसके बारे में कहना चाहता हूं कि यह सारे दे ा में सबसे बढिया कालेज हैं। इस कालेज में बाहर से आकर बहुत व्यक्ति लैक्चर देते हैं और उनका विचार हैं कि हरियाणा का यह कालेज दे ा में सबसे बढिया कालेज हैं और इसके मुकाबले का और कालेज नहीं है।

चौधरी उदय सिंह दलालः स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत चीफ मिनिस्टर साहब से पूछना चाहता हूं कि पुलिस रूल्ज में क्या कोई ऐसा नियम हैं कि किसी पुलिस अफसर को यदि ईनाम दे दिया जाए तो वह कभी वापिस नही होता। अगर दिया हुआ इनाम वापिस ले लिया जायेगा तो इससे उनका मनोबल गिर जाएगा और वे ठीक तरह से काम नहीं कर पाएंगे?

इस प्र न का उत्तर नहीं दिया गया

श्री जय नारायण वर्मा: स्पीकर साहब, एक पुलिस अफसर को ट्रेंनिग कालेज में ट्रांसफर किया जाता हैं और उसको कोई स्पे ाल अलाउंस नहीं दिया जाता क्योंकि वह अनु ाासन बाद में आती हैं। क्या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि एक सिपाही जो अनु ाासन में रह रहा हैं उसको उन सुविधाओं से क्यों वंचित किया जा रहा हैं जो उसको मिलना चाहिए?

चौधरी भजन लाल: स्पीकर साहब, एक सब–इंसपैक्टर जो थाने में लगा लगा होता हैं उसको थाने में रहकर दूर–दूर तक भागना पड़ता हैं और काम बहुत करना पड़ता हैं। जब उसको कालेज में ट्रांसफर किया जाता हैं तो उसको कहीं भी भागने की आव यकता नहीं हैं। अगर स्पे ाल पे देने की बात हो, वह तो फिर सब–इंस्पेक्टर को देनी चाहिए।

Production of Foodgrains

***1445. Ch. Ram Lal Wadhwa:** Will the Minister for Agriculture be pleased to state the district-wise total production of foodgrans inculding paddy in the State during the years 1977-78 to 1979-80 separatley?

कृशि मंत्री (सरदार तारा सिंह): विवरण सदन के पटल पर रखा जाता हैं।

विवरण

(उत्पादन "000" टन में)

क्रम	जिला	1977–78		1978–79		1979–80	
		चावल	चावल सहित कुल खाद्यान्न	चावल	चावल सहित कुल खाद्यान्न	चावल	चावल सहित कुल खाद्यान्न
1	हिसार	31	635	51	744	45	522
2	सिरसा	49	388	58	510	42	328
3	भिवानी		349		437		255
4	रोहतक	3	355	14	418	1	339
5	सोनीपत	18	273	25	300	20	272
6	गुड़गांव *	3	488	8	546	2	511
7	करनाल	204	766	343	897	302	783
8	कुरूक्षेत्र	417	1019	524	1162	397	974
9	अम्बाला	106	385	144	430	97	331

10	जीन्द	44	441	74	541	51	401
11	महेन्द्रगढ़		242		369		240
	कुलः	965	5341	1241	6354	957	4959

* पुराना गुडगांवा जिला।

Dr. Mangal Sein: Speaker Sahib, we have not followed your point. I would you to please clarify the same.

Mr. Speaker: I said that because that place was far away from Chandigarth, that is why there was drought.

डा0 मंगल सैनः स्पीकर साहब, मैंने तो नालिज की कमी की वजह से आप से पूछा हैं वरना ऐसी कोई बात नहीं हैं। (भाोर)

आवाजें: पहाड़ो से टकरा करके खु ाकी आ गयी हैं। (भाोर एंव व्यवधान)

डा0 मंगज सैनः भिवानी वाले भाइ के पेट में दर्द हैं इसलिये खु ाकी आ रही हैं। (भाोर एवं व्यधान)

सरदार तारा सिंहः स्पीकर साहब, डाक्टर साहब ने भाोर कर दिया था और सवाल समझ में नहीं आया। इसलिये आर्य साहब अगर दोबारा सवाल कर दें तो मैं उनको जवाब दे दूगां।

श्री हीरा नन्द आर्यः स्पीकर साहब, हम ने ऐसे सभी इलाको में किसानों को पूरी तरह से कहत पड़ा हुआ हैं। क्या सरकार ने इन हालात को देखते हुए वहां पर पैदावार बढ़ाने के बारे में कोई पग उठाया हैं, या उठाने का विचार रखती हैं?

सरदार तारा सिंहः स्पीकर साहब, हम ने ऐसे सभी ऐसे सभी इलाकों में किसानों को पूरी जरूरते की चीजें मुहैया की हैं और जहां पर मदद नहीं की जा सकी हैं, वहां पर बिजली तेल वगैरह मुहैया किया जा रहा हैं ताकि किसानों को प्रोडक ान बढ़ाने में किसी प्रकार की दिक्कत न आयें और अपनी फसल अच्छी प्रकार से बढ़ा सकें। जैसे चावल की फसल हैं, ऐसी फसल महेन्द्रगढ़ वगैरह मैं कभी नहीं हुई हैं और 77–78 तथा 78–79 की बजाये 79–80 में दूसरी फसल कम हुई हैं और अब सरकार भरसक प्रयत्न कर रही हैं कि आगे से ऐसा न होने पाये।

चौधरी राम लाल वधवाः अभी मिनिस्टर साहब ने कहा हैं कि कम प्रोडक ान के बारे में सब को पता है कि ऐसा क्यों नही हुआ। तो मै मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि सरकार किसानों को डीजल और दूसरी जरूरत की चीजों को मुहैया करने में जो नाकामयाब रहीं हैं उसकी क्या वजह हैं?

सरदार तारा सिंहः स्पीकर साहब, आनरेबल मैंम्बर का यह कहना कि सरकार चीजे मुहैया करने में नकामयाब रही हैं, यह बिल्कुल गलत बात हैं। सरकार को पूरी कामयाबी से हर जिले की डीजल और बिजली की सप्लाई दी जाती हैं। सरकार की मदद करने के कारण से ही फसलें काफी अच्छी पैदा हुई हैं।

श्री भले रामः स्पीकर साहब, अभी मंत्री महोदय ने बताया कि प्रदे ा में सूखा पड़ा हैं। मैं उन से यह जानना चाहता हूं कि इस सूखे पड़ने के कारण हैं

इस प्र न का उत्तर नहीं दिया गया

Closure of sick Corporations in the State

***1413. Ch. Har Swarp Bura:** Will Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to wind up the sick Corporation in the State; if so, the time by which these are likely to be wound up?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): राज्य में ऐसी निगम नहीं हैं जिसे अस्वस्थ इकाई कहा जा सके, ऐसी सिथित में किसी नियम को बन्द करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचारधीन नहीं हैं। यह ठीक हैं कि कुछ कम्पनियां जो कि पब्लिक सैक्टर में स्थापित की गई हैं, उनकी बुकिंग रिजल्ट्स पूर्ण रूप से सतोंशजनक नहीं हैं। सरकार लगातार उनके कार्यो की जांच कर रही हैं और ऐसे उपायो की खोज कर रही हैं जिनसे उन के

कार्यो में सुधार लाया जा सकें। अभी तक ऐसी किसी संस्था को बंद किये जाने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया हैं।

चौधरी हर स्वरूप सिंहः अध्यक्ष महोदय, अभी मुख्यमंत्री महोदय ने अपने उत्तर में यह कहा हैं कि राज्य में ऐसी कोई निगम नहीं हैं जिसे अस्वस्थय इकाई कहा जा सके। लेकिन जिन की सिथित सन्तोशजनक नहीं हैं क्या सरकार उनको बन्द करने का विचार रखती हैं?

श्री अध्यक्षः इसका उत्तर आ चुका हैं।

श्रीमति सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, अभी मुख्य मंत्री महोदय ने अपने उत्तर में कहा हैं कि राज्य में कोई सिंक यूनिट्स नहीं हैं लेकिन मैं उन्हें पब्लिक अन्डर टेकिंग्ज कमेटी की मैम्बर होने के नाते यह बता सकती हूं कि राज्य में कई ऐसी कम्पनियां हैं जोकि घाटे में चल रही हैं जैसे हरियाणा टेनरीज, हरियाणा मिनरलज, हरियाणा टेलीविजन, हरियाणा मैचिज बूरिया इत्यादि, इत्यादि क्या सरकार इन सबको बन्द करने का विचार रखती हैं?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, आनरेबल मैम्बर्ज को खूद सवाल को अच्छी तरह से पढ़कर आना चाहिए। यह प्र न न यूनिट्स से सम्बन्धित हैं न कम्पनियों से सम्बन्धित है। फिर भी मैं बता देता हूं। यह ठीक हैं कि कुछ कम्पनियां जोकि पब्लिक सैक्टर में हैं उनकी वर्किंग पूर्णतः सन्तोशजनक नहीं हैं। सरकार

लगातार उनके कार्य में सुधार लाने के लिये जांच कर रही हैं और उपायों की खोज कर रही हैं।

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः स्पीकर साहब, मैं मुख्यमंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि सिक मिल्ज की डैफिने ान क्या हैं?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, यहां मिलों का जिक्र नहीं हैं, यहां पर तो नियमों की बात चल रही हैं।

चौधरी हर स्वरूप बूराः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री महोदय ने अपने उत्तर में यह कहा हैं कि कुछ कम्पनियां जोकि पब्लिक सैक्टर में स्थापित की गयी हैं, उनकी वर्किग रिजल्ट्स पूर्णतः सन्तोशजनक नहीं हैं। क्या मुख्यमंत्री महोदय बतायेंगे कि इन कम्पनियों के एम0 डीज0 वगैरह की जो जल्दी–जल्दी ट्रांसफर्ज हो जाती हैं यही कम्पनियों के घाटे का कारण तो नहीं हैं?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ऐसी बात नहीं हैं।

Mr. Speaker: Hon'ble Members, Questions Hour is over.

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये ताराकिंत प्र नों के लिखित उत्तर

Loss days in the T.I.T & B.T.M. Mills at Bhiwani

***1416. Sh. Hira Nand Arya:** Will the Chief Minister be pleased to state-

a) the month-wise total number of loss days caused by strikes/ lock-outs ect. in the industrial units in the State during the year 1979; and

b) The number of loss days in the T.I.T Mills and B.T.M. Mills at Bhiwani since 1st October, 1979 to date?

सिचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी मेहर सिंह राठी):

(क) वांछित सूचना नीचे दी जाती हैं:–

मास	क्षतिग्रस्त श्रमिक दिनों की संख्या
जनवरी	97769
फरवरी	23862
मार्च	38017
अप्रैल	91358
मई	27873

जून	9430
जुलाई	35897
अगस्त	83446
सितम्बर	120920
अक्टूबर	13950
नवम्बर	3950
दिसम्बर	20269
योग	266741

(ख) भून्य।

Reservation in promotion for the persons belonging to Schedulded Castes as Commercial Assistants

***1458. Mater Jogi Ram**: Will the Minister for irrigation and Power be pleased to state-

a) whether Commericial Assistants belonging to the Scheduled Castes/Scheduled Tribes and Backwards Classes employed in the Haryana State Electricity Board have so far been

promoted as per instruction of the Government regarding resevation in promotions for these classes; and

b) if reply to part (a) above a be in the affirmative the number thereof to-date and wheather it conforms to the percentage of reservation fixed for them; if not, the resons therefor?

सिचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी मेहर सिंह राठी):

(क) जी हां

(ख) अनुसुचित जाति, अनुसूचित कबीलों तथा पिछड़े वर्ग से संबंधित 11 वाणिज्य सहायकों की पदोन्नति की गई हैं। निर्धारित आरक्षण की प्रति ातता के अनुसार, केवल एक पत्र अभाव हैं, जो कि जब कभी भी योग्य व्यक्ति मिलेगा, भर लिया जायेगा।

Up-gradation of Schools

***1451. Ch. Ram Lal Wadhwa}**

Ch. Jagit Singh Pohloo}: Will the Chief Minister be pleased to state the district-wise total number of schools upgraded from Primary to Middle and from Middle to High Schools in the State during the years 1977-78, 1978-79 and 1979-80 (up to 31 st January, 1980) separately?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): वाछिंत सूचना सदन के पटल पर रखी जाती हैं।

Statement

		1977-78		1978-79		1979-80	
Sr. No	Name of Disst.	Primary to Middle	Middle to High	Primary to Middle	Middle to High	Primary to Middle	Middle to High
1	Ambala			5	5	14	11
2	Bhiwani			7	5	21	18
3	Gurgaon			8	4	22	21
4	Hisar	3	1	11	3	24	23
5	Jind			5	3	12	11
6	Kurukshetra			8		13	14
7	Karnal			5	4	19	14
8	Narnaul			6	2	14	15
9	Rohtak	1	1	8	8	21	17
10	Sirsa			4	3	19	7
11	Sonepat		1	4	3	12	7
	total	4	3	71	40	191	158

Share of Development Blocks i Land Revenue

***1429. Ch. Birinder Singh:** Will the Minister for Revenue be pleased to state-

a) whether any share of land revenue is paid to the Blocks in the State; if so the total amount so paid during the years 1978-79 and 1979-80, separately; and

b) whether there is any proposal under consideration of the Government to enhance the share referred to in part (a) above, during the year 1980-81?

विकास मंत्री (राव राम नारायण):

(क) (I) जी हां

(II) लैण्डं होल्डिंग टैक्स (न कि भू–राजस्व) जो कि प्रत्येक पंचायत समिति के क्षेत्र में एकत्रित किया जाता हैं उसका प्रत्येक पंचायत समिति को प्रति वर्श 7% भाग समानुदे ा किया जाता हैं।

वर्श 1978–79 में पंचायत समितियों को 3633000/– रूपये तथा वर्श 1979–80 में 2943153/– रूपये की रा ि । 7% लैण्डं होल्डिंग टैक्स में समानुदे । की गई हैं।

(ख) जी नहीं।

Schools/ Collegs Syallabi Revision Committee

***1440.Sh. Mool Chand Jain:** Will the Chief Minister be pleased to state-

a) wheather it is a fact that a Committee for the revision of the syllabus of various classes in the schools/colleges in the State has been appointed; if so, the date of its appintment together with the names of the members of the said Committee;

b) whether the aforesaid Committee has sumitted its report; if so, a copy therof be laid on the Table of the House; and

c) whether there is any proposal under consideration of the Government to intriduce ethical and moral education in the schools/colleage in the State?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): सूचना सदन के पटल पर रखी जाती हैं।

सूची

स्कूल पक्ष

(क) जहां तक स्कूल पक्ष के सलेबस का सम्बन्ध हैं, स्कूल ि ाक्षा बोर्ड, हरियाणा द्वारा विद्यालय पाठ्य–क्रम में सं ाोधन के लिये 30–11–79 को एक तालमेल समिति का गठन किया गया हैं। इस समिति के सदस्यों के नाम निम्नलिखित हैं:–

1. सचिव, हरियाणा सरकार, ि ाक्षा विभाग
   अध्यक्ष
2. निदे ाक, ि ाक्षा विभाग कालिज, हरियाणा सदस्य
3. निदे ाक, ि ाक्षा विभाग (विद्यालय), हरियाणा
4. अध्यक्ष, स्कूल ि ाक्षा बोर्ड, हरियाणा
5. निदे ाक, एस0 सी0 आर0 टी0 गुडगांव
6. श्री गोपाल दास खन्ना, चण्डीगढ़

(ि ाक्षा भाास्त्री)

7. डा0 बी0 मेहदी, पाठ्य–क्रम वि ोशज्ञ (ि ाक्षा) एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 देहली

8. डा0 एल0 के गुप्ता, कालेज आफ ऐजुके ान (विज्ञान) कुरूक्षेत्र

9. डा0 सी0 एल0 कुन्डू, अध्यक्ष डिपार्टमैंट आफ ऐजूके ान (ि ाक्षा) कुरूक्षेत्र
सदस्य

10. श्रीव के0 के0 मेहता (अंग्रेजी)

11. श्री बलबीर चन्द्र, मुख्याध्यापक (गणित)

12. श्री ई वर दयाल भार्मा, मुख्यध्यापक (सामाजिक विज्ञान)

13. श्री ओमप्रका ा निर्मल (राज्य पुरस्कार विजेता हिन्दी) राजकीय माडल स्कूल, सिरसा।

(ख) समिति ने अपनी रिर्पोट प्रस्तुत नहीं की हैं।

(ग) जी नहीं।

कालेज पक्ष

(क) जहां तक महाविद्यालयों के पाठ्य क्रम के बनाने/सं ाोधन इत्यादि का सम्बन्ध हैं, यह कार्य वि वविद्यालयों द्वारा बोर्ड आफ स्टीडीज से करवाया जाता हैं। एकैडमिक कौसिल द्वारा किसी कमेठी का गठन नहीं किया हुआ हैं।

(ख) प्र न ही उत्पन्न नहीं होता।

(ग) जी नहीं।

Elections to Municpal Committes

***1446. Ch. Ram Lal Wadhawa:** Will the Minister for Local Government be pleased to state whether there is any proposal nuder considerration of the Government to hold elections of the Municipal Committees in the State, and if so, the date by which these are proposed to be held?

स्थानीय भाासन मंत्री (चौधरी खु िंद अहमद): जी हां सरकार का 31—12—80 से पूर्व सभी नगरपालिकाओं के चुनाव करवाने का प्रस्ताव हैं।

Relief for drought affected areas

***1414. Ch. Har Swarup Bura:** Will the Minister for Revenue be pleased to state the district-wise total amount of loss occurred recentlyu due to drought in the State togethe with the amount given to the affected persons as relief in cash and kind; if any?

Revenue Minister (Ch. Sher Singh): A statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT

Statement showing the loss on account of drought and relief in cash and kind.

			TACCAVI ALLOTMENT				SUBSIDY ALLOTMENT		
Sr. No.	Name of Distt.	Loss Rs. (crores)	Relief in Cash	Fertilizer Rs.	Seed Rs.	Fodder Rs.	Fetiliz er Rs.	Seed. Rs.	Fodder Rs.
1	Rohtak	8.277		1500000	1400000	1000000		552000	750000
2	Bhiwnai	9.562		600000	470000	2500000		98300	1875000
3	Gurgaon	4.686		1300000	1250000	**500000		978500	375000
4	Narnaul	5.700		1000000	875000	2500000		241200	1875000
5	Ambala	20.538		2800000	775000			418500	
6	Hisar	26.590		3500000	1625000	1000000		535500	750500
7	Sonepat	4.895		1800000	887000			481000	
8	Kurukshetr	23.049		5400000	1432000			832500	

	a								
9	Jind	3.820		2000000	2780000	1000000		908500	750500
10	Karnal	25.348		5400000	1448000			757250	
11	Faridabad			1200000	1248000				
12	Sirsa	22.645		3500000	1060000	500000		335500	375000
						*1000000			*750000
	Total	165.110		30000000	15250000	10000000		6138750	7500000

*Reseve with Headquaters.

**This includes allotments for Faridabad District also.

***This includes figures of Faridabad also.

Sr. No.	District	Allotment of foodgrains under the 'Food for Work' Programme			Allotment of funds for purchase/distribution of quits/blankets (In Rs)	Other major relief measures
		Wheat (MT)	Rice (MT)	Total (MT)		
1	Rohtak	7300	300	7600	25000	1. Government of India have sanctioned financial assistance of Rs. 4 Crores for accelertion of major for genrationg additional employment in drought affected

						areas and a subsidy of Rs. 50 lacks for small and marginal farmers.
2	Shiwani	9300	750	10050	50000	
3	Gurgaon	4755	650	5405	25000	
4	Narnaul	8050	*750	8800	50000	
5	Ambala	5300	1000	6300	25000	
6	Hisar	4300		4300	25000	
7	Sonepat	7450	750	8200		
8	Kurukshetra	3350	250	3600		
9	Jind	3000	500	3500		
10	Karnal	3050	750	3800	25000	2.Suspension emission of Land Holding Tax

						and Abiana
11	Faridabad	3945	300	4245		3. Postponement of recovery of taccavi for six months and reshceduling of Cooperative loans.
12	Sirsa	2240		2240		
13	Irrigation	1000		1000		
14	Fisheries	400		400		
15	PWD (B&R)	350		350		
16	Forests Deptt.	210		210		
	Total	6400	6000	70000	225000	

Water supply schemes in the Ratia Consittuency

***1429. Ch. Peer Chand:** Will the Minister for Irrigations and Power be plased to state-

a) whether there in any proposal under consideratioin of the Government to start the construction work of the water supply scheme at Nagpur; Barhchalnwali and Khumbar in the Ratia constituency; and

b) if so, the time by which the aforesaid construction work is likely to be statered and completed?

सिचाई तथा बिजली मंत्री (चौधरी मेहर सिंह राठी):

(क) नहीं जी।

(ख) प्र न ही नही उडता।

टिम्बर के ऊपर टैक्स के बारे में 2 प्रति ात करने की अपनी रिर्पोट भी पे ा कर दी थी और मंत्री महोदय ने भी इस सम्बन्धी में आ वासन दिया था लेकिन मुझे यह दुःख के साथ कहना पड़ता हैं कि जिस कांग्रेस सरकार ने टिम्बर पर चार परसेन्ट टैक्स लगाया था और जनता सरकार ने उसको दो परसैन्ट किया और पुनः करने की सोची थी, अब कांग्रेस सरकार ने आते ही दो परसेन्ट टैक्स को रिजेक्ट कर दिया हैं। इस सरकार ने हरियाणा की समृद्धि को नहीं देखा कि यह व्यापार हरियाणा से बाहर न जाये। यहां पर हर फैसला राजनैतिक आधार पर किया जाता हैं। इस तरह करने से जनता का भला कैसे हो सकता हैं? डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंनें हरिजन छात्राओं के लिये एक थोथा नारा दिया। उनको कहा कि हरिजन छात्राओं को दस रूपये प्रति माह छात्र वृत्ति दी जाएगी। यमुनानगर में एक बल्मीकि बस्ती हैं। डी0 ए0 बी0 संस्था की छात्राओं ने उस बस्ती में पन्द्रह दिन का एक कैम्प लगाया और उस बस्ती में काफी सुधार किया। उस बस्ती की डिमाण्ड थी कि वहां पर बच्चों के कोई स्कूल नहीं हैं। डी0 ए0 वी0 संस्था ने वहां पर एक बाल भवन खोला। दस बाई दस का एक कमरा था उसमें यह बाल भवन खोला गया। मैंने वह पर कहा कि मैं दस हजार रूपया अपने डिसकि ान फण्ड से दे दूंगी लेकिन दुःख से कहना पड़ता हैं कि कांग्रेस सरकार ने आते ही वह डिसकि ानरी फण्ड नहीं दिया बल्कि काट दिया जिससे उस हरिजन बस्ती के बच्चे लाभ नहीं उठा पायेंगे। (व्यधान एवं भाोर)

श्री दीप चन्द भटिया: डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा एक प्वायंट आफ आर्डर हैं। जब लोकदल की सरकार खत्म हुई भाोर एंव व्यधान

श्री उपाध्यक्ष: यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं हैं।

श्रीमति डा0 कमला वर्मा: राज्यपाल महोदय ने अपने अभिभाशण में भाान्ति और सुरक्षा की बात कही हैं। मैं कहना चाहती हूं कि बड़ौपल के अन्दर एक हरिजन की हत्या कर दी गई उसका कुछ पता नही लगा। हिसार के अन्दर बि नोई मन्दिर के पास एक सरपंच की हत्या एक कांस्टेबिल ने कर दी, उसको कोई पूछता नहीं। रिवाड़ी के अन्दर जो वकीलों को अपमान किया गया उसके बारे में जब मैं सोचती हूं कि ऐमरजैसी के अन्दर वकीलों ने ही डैमोक्रेसी के अन्दर हर जगह ताना ाही के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी चाहे वे पी0 एन0 लेखो थे, या तारकुडें थे। बुद्धिजीवियों में वकीलों ने इन्दिरा गांधी के विरूद्ध पूरी आवाज उठाई थी, कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही कहीं वकीलों से बदला लेना तो आरम्भ उठाई थी, कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही वकलों से बदला लेना तो आरम्भ नहीं कर दिया हैं?? हांसी और खानपुर में महिलाओं के साथ जो अत्याचार किए गये हैं उनकी बाबत सुन कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। जब इन बातों का ध्यान आता हैं तो कुछ साल पहले कांग्रेस के राज्य की याद आ जाती हैं जिससे अध्यापकों का अन्दोलन चला, रेलवे कर्मचारियों का आन्दोलन चला.....

श्री उपाध्यक्षः बहन जी आप समाप्त कीजिए। आपका समय हो गया हैं।

श्रीमति डा0 कमला वर्माः डिप्टी स्पीकर साहब, उस समय महिलाओं को पीटा गया अपमान किया गया। उस वक्त रेलवे कर्मचारियों के घरों में जाकर उनकी महिलाओं का अपमान व बलात्कार किया गया। महिला अध्यापकों को खींच–खींच कर सड़को पर मारा गया क्या खानपुर और हांसी में जो कुछ हुआ हैं उसकी पुनरावृत्ति नहीं हैं? यह सरकार सिर्फ 32 प्रति ात वोट नहीं मानती हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, जनतार इन दलबदलुओं की सरकार को नहीं मानती हैं और वक्त आने पर इस सरकार को पता लग जाएगा। राज्यपाल महोदय के अभिभाशण में जिन कामों को बताया गया हैं वह जनता सरकार के द्वारा किए गए कार्य हैं इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब महोदय मैं इस का समर्थन नहीं करती।

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहब, राज्पाल महोदय, के अभिभाशण पर अभी बहन कमला वर्मा बोल रही थी और उससे पहले बाबू मूल चन्द जैन ने अपने विचार रखे थे। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं एक बात अर्ज करना चाहता हूं कि जिस स्थिति में गवर्नर महोदय का अभिभाशण हुआ उसमें कोई तनाव की सूरत पैदा होने या टकराव होने की आव यकता नहीं थी क्योंकि ऐसी स्थिति 1979–80 के साल से आ रही हैं जिसमें तकरीबन सभी सदस्य चाहे व लोकदल के सदस्य हैं या जनता

पार्टी के सदस्य है या कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं, किसी न किसी समय में राज्य में भागीदार रहें हैं और सरकार चलाने में लगभग सभी सदस्य मदद करते रहे हैं और राज्य में भागीदार रहे हैं। जब चौधरी देवी लाल की सरकार थी तो लोकदल के मैम्बर जो आज विरोधी दल में बैठे है, उसमें भागीदार रहे व्यवधान और जनता पार्टी के सदस्य इस समय अलग बैठे हैं वे भी हिस्सेदार थे और हम भी हिस्सेदार थे। थोड़े भाई थे जो पहले कांग्रेस में थे या कुछ इंडिपेंडेन्ट्स थे। वे ही सिर्फ कह सकते हैं कि 1979–80 में जो कुछ हुआ उसमें वे भागीदार नहीं थे। उसके बाद चौधरी भजन लाल की सरकार बनी उसमें आज भी जो जनता पार्टी के सदस्य हैं चाहे वे डाक्टर मंगल सैन हैं या कोई हैं वे भी भागीदार रहे। इस लिये डिप्टी स्पीकर साहब, किस बुराई करें, किसको दोश दें, यह कोई ठीक बात नहीं हैं। इसमें भलाई बुराई करने की या नुक्ताचीनी करने की कोई बात नहीं हैं। फिर मुझे समझ नहीं आता कि डाक्टर साहब जैसे सजीदां सदस्य और जिनको इनका भारी तजुर्बा हैं वे छोटी छोटी बातों को लेकर नुक्ताचीनी कर रहे हैं जबकि ये अच्छी तरीके से जानते हैं कि एक महीना पहले जो कुछ सरकार में हुआ वह उसमें भागीदार थे और जो बातें हरियाणा प्रान्त में हुई वे सब उनकी सलाह म ाविरा से हुई इस बात को सामने रखते हुए मैं नहीं समझता कि इस सदन में तनाव की परिस्थिति पैदा करने की क्या आव यकता हैं? डिप्टी स्पीकर साहब, हालात को देखते हुए कि प्रान्त में सूखे की अवस्था हैं सारे हरियाणा के लोग चाहे वे किसान हैं और चाहे मजदूर हैं,

सब इस सूखे की स्थिति से परे ाान हैं। महेन्द्रगढ़, भिवानी, रेवाड़ी, सिरसा, गुडगांव आदि बहुत से ऐसे जिले हैं जहां पर वर्शा के अभाव में फसलें नश्ट हो गई हैं। आज थोड़ी बहुत वर्शा हुई हैं। वर्शा क्या हैं इसको बूंदा–बादीं ही कह सकते हैं, इससे कुछ राहत होगी या नहीं यह अभी नहीं कहा जा सकता हैं। परन्तु यह बात सभी मानते हैं कि एक तरफ वर्शा का अभाव हैं और दूसरी तरफ बिजली और पानी की कमी हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, इसके साथ ही डीजल और दूसरे साधनों को भी किसानों की कमी रही। जहां किसानों ने बहुत मंहगे बीज और खाद लेकर अपनी फसल की बिजाई की वहां अब उन्हें सब कुछ अन्धेरा ही नजर आ रहा हैं क्योंकि उनकी फसले पानी के अभाव के कारण नश्ट हो रही हैं। अभी–अभी श्री मूल चन्द जैन जी ने कहा कि हमारे प्रदे ा में बेरोजगारी बहुत हैं और मंहगाई की वजह से सभी लोग परे ाान हैं और वे लोग यहां पर बैठे हुए मैम्बर साहेबान की तरफ देख रहे हैं कि हम लोग उनके लिये क्या क्या हल निकालते है। जिससे कि उनकी मु कलातें हल हों सकें। हमारा सब का यह फर्ज बनता हैं कि हम सब उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिये कोई ठोस कदम उठायें जिससे कि उनकी परे ाानियां दूर हो सकें लेकिन बजाये इन बातों के हम यहां पर ही हरियाणा के लोगों की जो आ ाएं हैं वे विलीन हो रही हैं। लोगों की जो आ ाांए हैं, वे वैसे ही वैसी ही धरा रह जांएगी। इसलिए मेरी मैम्बर साहेबान से रिकवैस्ट हैं कि हमें अपने कीमती समय को यूंही फिजूल की बातों में जाया नहीं करना चाहिए बल्कि आपसी

विचार विम र्श से लोगों की समस्याओं का कोई न कोई समाधान अवश्य निकालना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, इसके अलावा साहब ने यह कहा था कि हरियाणा के सामने अभी बड़ी–बड़ी समस्याएं हैं और हम सब मानते हैं कि रावी व्यास के पानी की समस्या अभी तक वहीं खड़ी हैं। 19676 में इन्दिरा गांधी जी के राज में इस समस्या का हल ढूढ़ा गया था और कुछ फैसला भी हुआ था, पर अढ़ाई साल की चौधरी देवीलाल की सरकार ने जिसमें जैन साहब भी मंत्री थे इस और ध्यान नहीं दिया और सभी किये कराये पर पानी फेर दिया। उस वक्त पंजाब में अकाली पार्टी का राजा था। अकाली सरकार और जनता सरकार उस वक्त एक थी और चौधरी देवीलाल को यह विश्वास था कि हम आपस में बैठकर दोस्ती से इस मसले को सुलझा लेंगे पर हुआ यह कि यह मामला सुलझने की बजाये उलटा लटक गया। फिर यह मामला सुप्रीमकोर्ट में चला गया। उस वक्त हर आदमी की जबान पर यह था कि चौधरी देवीलाल और अकाली पार्टी की सरकार आपस में बैठकर इस बात का कोई न कोई हल अवश्य ही निकालेंगे और चौधरी देवीलाल हरियाणा के हकूकों को कभी खत्म नहीं होनें देंगे पर हुआ बिल्कुल इसके उलट। वे कहते रहे कि हम फैसला कर लेंगे, यह तो हमारे घर की बात हैं। हम इसके लिए तारीख मुकरर्र कर रहे हैं। पंजाब की भूमि पर वे जाकर नहर का उद्घाटन करेंगे लेकिन आज उद्घाटन तो क्या बल्कि ये समस्यायें और जटिल रूप धारण

कर गयी हैं और जटिल ही जटिल होती गयी। फिर इस केस को पहली सरकार सुप्रीमकोर्ट में ले गयी लेकिन आज वे कहते हैं कि इसको वापिस ले लिया जाए।

डिप्टी स्पीकर साहब, जैन साहब वकील हैं। उनको पता हैं कि अगर एक बार सरकार के खिला दावा हो उसको वापिस ले लिया जाए तो दोवारा दावा नही हो सकता अगर ऐसा किया जाता हैं तो इससे हमे ाा के लिये हरियाणा के हकूक भी चले जाएंगे। इस तरह से इस सरकार को देवीलाल जी की सरकार ने ऐसा काम करके बड़ी भारी उलझन में डाल दिया हैं जिसका रास्ता निकालना बढ़ा मु कल हो गया हैं कि हरियाणा का पानी हरियाणा को अव य मिलना चाहिए। आज भी हम उनसे यह उम्मीद करते हैं कि इस बात का जल्द ही फैसला हो जाएगा।

चौधरी हर स्वरूप बूराः उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर हैं कि चौधरी रिजक राम जी भी चुनाव के दिनों में प्रचार करते रहे हैं कि कांग्रेस (आई) को वोट दो। सरकार पानी दिलाने की वे बाते को मानते हैं। तो अब तो कांग्रेस (आइ) की सरकार हैं। अब आप ही हरियाणा को उसके हकूक दिलवा दें।

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहब, जो बात इन्होंनें कही हैं, हमारी उससे सहमति हैं। मैं आपको एक बात बतना चाहता हूं कि अगर जनता पार्टी सरकार दिल्ली में रहते हुए चुनाव के बाद भी ये आ जाते तो फिर भी हरियाणा को उसके

हकूक का पानी वाला नहीं था। अगर हरियाणा को उसका हकूक कोई दिला सकता हैं या पानी दिला सकता हैं तो वह केवल श्रीमति इन्दिरा गांधी दिलवा सकती हैं। (तालियां)

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर हैं। अभी चौधरी रिजक राम जी ने कहा कि चौधरी देवी लाल बाद में इस केस को सुप्रीम कोर्ट में ले गये। अगर चौधरी देवीलाल इस केस को सुप्रीम कोर्ट में ले गये थे तो वह भी चौधरी रिजक राम जी की सलाह पर ले गये थे। दूसरी बात इन्होनें यह कही केवल इंदिरा गांधी ही पानी दिलवा सकती हैं लेकिन जब ये खुद जनता पार्टी में थे तो ये भी पानी के सवाल के बारे में नारा लगा चूके थे।

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं यहां पर इस कांट्रोवर्सी में नहीं पड़ना चाहता और न ही हमें इस समय पड़ना चाहिए लेकिन जहां तक हरियाणा के हकूक के लिये रावी और व्यास से पानी लेने का सवाल हैं वे सुप्रीमकोर्ट में गये हैं, सरकार के लैवल पर गये हैं इसमें मेरी अपोजी ान वालों से बिनती हैं कि सभी पार्टियों का सहयोग इस बात के लिये जरूरी हैं। दिल्ली सरकार को आज इस बात का एहसास हो रहा हैं कि हरियाणा के लोगों की, हरियाणा की जनता की समस्याएं बड़ी जटिल हैं और उनको सुलझाया जाना बड़ा जरूरी हैं इसलिये कोई कन्ट्रोवर्सी नहीं होनी चाहिए। जो फैक्टस हैं, वे मैंने हाउस के

सामने रखे हैं। इसमें किसी की बुराई या किसी पर कोई कटाक्ष नहीं हैं।

डिप्टी स्पीकर साहब, अब मैं एक मसले के बारे में यहां कुछ कहना चाहता हूं। वह हैं हैड वर्कस का मसला। उसके बारे में कानून बने हैं और अब तक वह मामला यू ही लटका रहा हैं। इस मसले में भी समझता हूं कि प्रतिपक्ष को सरकार का पूरा साथ देना चाहिए ताकि यह प्र न सदा के लिये हल हो सके। इससे आगे एक और बड़ा भारी गम्भीर हैं जोकि यू0पी0 सरकार से सम्बन्धित हैं जिसके बारे में यहां पर किसी जे जिकर नहीं किया हैं।

श्री उपाध्यक्षः चौारी साहब, आपका सयम खत्म हो गया हैं। (ाोर)

चौधरी रिजक रामः डिप्टी स्पीकर साहब, यू0 पी0 सरकार ताजेवाला से ऊपर एक चैनल बनाकर यमुना के पानी को हथनी कुन्ड से यू0 पी0 की बाउंडरी मैं ले जाने का सोच रहे हैं ऐसा करने से हरियाणा सरकार को एक बूदं पानी भी नहीं मिलेगा। हरियाणा सरकार की तरफ से जो वहां पर काम हो रहा हैं उस पर कोई लगभग 3 करोड़ रूपया खर्चा हो रहा हैं लेकिन यू0 पी0 की लोकदल सरकार ने वहां पर अपनी पुलिस भेजकर हमारे इंजीनियर्स को जबरदस्ती मारपीट करके, धमकियों देकर निकाल दिया हैं (ाोर एवं व्यधान)

चौधरी उदय सिंह दलालः डिप्टी स्पीकर साहब, दलाल साहब किसी मामले पर भाशण देने से चुकते नही। हाजी पुर ब्रांच किस परिन्दे का नाम हैं, इनको पता नहीं। (व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब, बाबू मूलचन्द जैन कह रहे थे कि दे ा में लोकदल का प्रोग्राम अपना लेना चाहिएं। लोक दल सरकार मैं यू0 पी0 में श्री बनारसी दास मुख्य मंत्री थे। लोकदल के सदस्य इस हाउस में भी बैठे हैं और उस वक्त भी थे। जिस वक्त यू0 पी0 की सरकार ने हरियाणा सरकार के साथ ज्यादती की तो यहां के लोकदल सदस्य ने एक लफ्ज भी नहीं कहा। आज भी गवर्नर साहब ऐड्रैस पर बोलते हुए, एक लफ्ज भी उनके मुहं से नहीं निकला कि यू0 पी0 की सरकार हरियाणा के हकूक को ग्रास लेना चाहती हैं। (व्यवधान)

चौधरी सतवीर सिंह मलिकः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। चौधरी साहब कह रहे हैं कि जब यू0 पी0 की पुलिस हमारे इंजिनियर्ज को पीट रही थी यानी हरियाणा के साथ ज्यादती कर रही थी तो लोकदल के नुमायंदो ने कुछ नहीं कहा। उस वक्त चौधरी साहब, चौधरी भजन के लाल के आदमी थे और सारी की सारी टीम भारत द र्ान के लिए गई हूई थी। हम इनको कहां से ढूढ़ कर लाते। (व्यवधान) (**इस समय सभापतियों की सूचरी में से एक सदस्य, चौधरी राम कि ान, पदासीन हुए**)।

चौधरी रिजक रामः चेयरमैंन साहब, मैं अर्ज कर रहा था कि हमारे सामने बड़ी जटिल समस्याएं हैं और इन समस्याओं का

सामना करने के लिये सब का संगठित रूप से योगदान प्राप्त होना चाहिए तभी हरियाणा के हकूक की रक्षा हो सकती हैं। लेकिन इन बातों को छोड़कर इन भाइयों ने ज्यादातर डिफैक ान के बारें में चर्चा की हैं। एक सांस निकलता हैं तो डिफैक ान का नाम निकलता हैं। हर स्टेज पर अगर चर्चा हैं तो दल बदलुओं की चर्चा होती हैं। (व्यवधान) चेयरमैन साहब, मैं अर्ज करना चाहता हूं कि डिफैक ान का प्र न हरियाणा तक ही सीमित नहीं बल्कि यह दे ा व्याप्त प्र न हैं। जनता की सरकार ने अपने घोशणा पत्र में जनता के साथ यह वायदा किया था कि वे अपने भाासन काल में डिफैक ान को खत्म करेंगे। इसके बारें मैं लोक सभा में बिल पे ा हुआ था, लेकिन जनता पार्टी के महा सचिव श्री मधुलिये ने कहा कि इस बिल को वापिस लिया जाए। उस वक्त उन्होंनें इस बिल का विरोध किया था और कहा था कि ऐंटी–डिफैक ान बिल पास नहीं होना चाहिए। आज सारे दे ा में डिफैक ान का प्र न व्याप्त हैं। चेयरमैन साहब, पिछले चुनाव के बाद अढ़ाई तीन साल चौधरी देवी लाल की सरकार रही और उसके बाद चौधरी भजन लाल की सरकार आई। इस दौरान जिन लोगों ने जनता पार्टी के टिकट के लिये कोि ा ा की और टिकट न मिलने की वजह से जनता पार्टी को छोड़ कर चले गये या उनको जनता पार्टी से पांच–छः साल के लिये निकाल दिया गया, उनको इस पार्टी ने भाामिल किया हैं। जनता पार्टी के लीडर यहां बैठे हैं, क्या इन्होंनें इतराज किया हैं कि इनको भाामिल नहीं करना चाहिए? (व्यवधान एंव भाोर) खैर, मैं इस प्वायंट पर ज्यादा बहस नहीं करना

चाहता। लोक सभ में, जनता पार्टी को छोड़कर इधर आए हैं, यह भी डिफैक ान नहीं हैं बल्कि सप्लिट हैं। (व्यवधान) इसको आप सप्लिट कहें या कुछ और कहें, मैं इस झगडे में नही पड़ना चाहता लेकिन जनता के वर्डिक्ट के आधार पर , जनता की भावनाओं का आदर करते हुए जो लोग इधन आ गए हैं, इसको ज्यादा बहस करने की आव यकता नहीं हैं। (व्यवधान) मैं अपनी बात कहना चाहता हूं। चेयरमैन साहब, बाबू मूलचन्द जैन ने कहा कि असैम्बली डिजौल्ब करवा कर नये इलैक ान करवाओ। पता नहीं जो बात यह कह रहे हैं दिल से कह रहे हैं या ओपरे मन से कह रहे हैं। 9 सूबों में असैम्बलीज टूटी हैं और मैं जानता हूं कि जिन सूबों की असैम्बलियो टूटी हैं, उनके ज्यादातर मुख्य मंत्री और लैजिस्टलेटर्ज इनके साथ थे। चेयरमैन साहब, मैं भगवान से पूछ सकता हूं कि इन सब सूत्रों में एक–एक भजन लाल क्यों पैदा नहीं कर दिया? (हंसी)

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, चौधरी रिजक राम जी मेरे बुजुर्ग हैं, इस हाउस के सीनियर मैम्बर हैं, ये अपनी बात कह भी जाते हैं। मैं उनको डिफैक ान की वकालत करने पर दाद देता हूं, लेकिन वे जो बात कर रहे हैं, मजबूरी में कह रहे हैं। व्यधान) दिल से बातें कहे चौधरी साहब।

चौधरी रिजक रामः चेरमैन साहब, डाक्टर साहब ने फरमाया कि दिल से बात कहनी चाहिए। दिल की बात वह मेरी जानते हैं और मैं उनकी जानता हूं। (ाोर) चेयरमैन साहब,

डिफैक ान पर इतनी ज्यादा चर्चा नहीं करनी चाहिए। अब मैं दूसरी बात पर आता हूं। जतना पार्टी ने सरकार बनाई थी और इस दौरान इन्होंनें बड़े–बड़े ओहदे और लाइसैंस अपने रि तेदारों में बांटे हैं, वे खत्म होने चाहिए। यह काम चौधरी देवी लाल ने भाुरू किया था और जब भजन लाल ने बांट भाुरू की तो ये सवाल उठाया करते थे कि इनके घटक के खिलाफ मत जाओ.....

श्री सभापतिः आपका टाईम वैसे खत्म हो गया हैं लेकिन आप 5मिनट और बोल लें।

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, चुनाव के दिनों ये वोट मांगने के लिए जनता में गए तो जनता की तरफ से बौछार पड़ी। बौछार क्यों पड़ी क्योंकि लोग भूखे मर रहे थे, उनको रोटी नहीं मिलती थी। उनके मकानों का सवाल था लेकिन इसके दूसरी तरफ एक एक मैम्बर के पास दस–दस कारें और कोठियां थी। (व्यवधान) सी0 एम0 को कहते थे कि उनके घर पर टैलिफोन लगवा दो। चेयरमैन साहब, मैं चौधरी भजन लाल जी को सुझाव देता हूं कि उन्होंनें जो कैबिनेट में और दूसरे बड़े ओहदो पर मैम्बर साहेबान को फायदा पहुंचाने के लिए लगाया हुआ हैं यह स्पायल सिस्टम हैं इसको वे खत्म करें। चेयरमैन साहब, अब तो डाक्टर साहब की मेहरबानी से कोई खतरा भी नहीं हैं। हंसी चेयरमैन साहब, मैं आपकी पार्टी का सदस्य होने के नाते मुख्य मंत्री चौधरी भजन लाल जी का बड़ी मुस्तैदी के साथ देने के लिए तैयार हूं। अगर कोई ऐसी बात हो भी जाए तो हमारे पास डाक्टर

मंगल सैन जी , बाबू मूल चन्द जैन जी और श्री हीरा नन्द आर्य बैठे हैं। (ाोर) चेयरमैन साहब, यहां हाउस में बोलते हुए चौधरी जगजीत सिंह पोहलू साहब फरमा रहे थे कि बाबूजी तो पूराने कांग्रेसी हैं इनका लेकदल से कोई ताल्लुक नहीं हैं, किसी वक्त भी इनकी समझ में यह बात आ सकती हैं। चेयरमैन साहब, मैं मुख्यमंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इनको बड़ी हिम्मत के साथ कदम उठाना चाहिए और कैबिनेट को छोटा करना चाहिए तथा जिन सदस्यों को और रि तेदारों को बड़े बड़े ओहादे दिए हुए हैं उनको वहां से हटाना चाहिए।

डा 0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, चौधरी साहब रिजक राम जी ने कहा कि कैबिनेट छोटी होनी चाहिए। यह बिल्कुल ठीक बात हैं।

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, आपको मालूम हैं कि जब चौधरी भजन लाल जी अपनी मिस्ट्री बनाने लगे तो डाक्टर साहब ने कहा कि मेरे कम से कम पांच मिनिस्टर तो होने चाहिए। (हंसी एंव भाोर)

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मैं भी चाहता हूं कि लाइट मूड में रहूं और चौधरी रिजक राम जी को भी लाइट मूड में रहना चाहिए। फिर कहीं ऐसा न हो कि मेरा मूड भी गर्म हो जाए और मैं जो कुछ कह बैठू। इनको पता हैं कि हमारा मजबूरी क्या थी?

चौधरी रिजक रामः चेयरमैंन साहब, मैं तो सिद्धान्त पर चलने वाला आदमी हूं। मैंने तो मिनिस्टर रहते हुए भी एक आवाज उठाई थी कि यह स्पायल सिस्टम नहीं होना चाहिए। मेरी भी कई बातें ऐसी हैं जिनके कारण मेरा मुख्यमंत्री से मतभेद है। तो ट्रांस्फर्ज होने चाहिए लेकिन पिछली दफा चौधरी कंवल सिंह ने एक प्रस्ताव हाउस के सामने पे ा किया था उस प्रस्ताव में उन्होंनें कहा था कि जो बड़े–बड़ें अफसरान हैं उनके पास रहने के लिए बड़ी–बड़ी सरकारी कोठियां हैं, टैलिविजन सैट हैं और भी कई प्रकार के ऐ ाो–आराम की चीजें अपने घरों में दे रखते हैं। (ाोर)

श्रीमति सुशमा स्वराजः चेयरमैन साहब, मेरा व्यवस्था का प्र न हैं। रूल्ज आफ प्रोसीजर एण्ड कंडक्ट आफ बिजनैस के अन्दर जो राज्यपाल महोदय के अभिभाशण पर चर्चा के लिए नियम बनाया गया हैं उसमें यह लिखा गया हैं कि असैम्बली को कोई भी सदस्य राज्यपाल के अभिभाशण पर बोलते हुए केवल उसी विशय पर चर्चा कर सकता हैं जो अभिभाशण के अन्दर उठाए गए हों। मैंने यह अभिभाशण पूरा का पूरा पढ़ा है इसमें तो कहीं भी ट्रांस्फर्ज का विशय मुझे दिखाई नहीं दिया। चेयरमैन साहब, हमें मालूम हैं कि जितना समय आप चौधरी रिजक राम जी को बोलने के लिए देंगे, वह हमारे समय में काटा जाएगा। यदि इनको ट्रांस्फर्ज के विशय पर बोलना हैं तो जब बजट पे ा होगा तो उसकी जनरल ऐडमिनिस्ट्रे ान की मांग पर विशय में ही बोल

लेंगे। अब ये ट्रांस्फर्ज के विशय पर हाउस का समय क्यों ले रहे हैं?

श्री सभापतिः आपको भी समय मिलेगा। (ाोर)

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, सुशमा स्वराज जी अभी बच्ची हैं। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, यह बच्ची भाब्द अन–पार्लियामैंटरी हैं। श्रीमति सुशमा स्वाराज इस हाउस की आनरेगल मैम्बर हैं। चौधरी रिजका राम जी को ऐसा नहीं बोलना चाहिए। यह ऐक्सपंज होना चाहिए।(ाोर)

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, डाक्अर साहब को मेरे और सुशमा जी के रि ते के बारेमें एतराज नहीं होना चाहिए। भाोर

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, चौधरी रिजक राम जी को किसी आनरेबल मैम्बर को बेटी या बच्ची कहने का कोई अधिकरार नहीं हैं। उन्होंनें यह भी कहा कि डा0 साहब को मेरे और श्रीमति सुशमा स्वराज जी के रि ते का पता नहीं हैं। चेयरमैंन साहब, रि ते की बात तो हाउस से बाहर होनी चाहिए। भाोर

श्री सभापतिः डाक्टर साहब, आप बैठिए।

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, डाक्टर साहब इस बात से खु ा होते कि मैंने सुशमा स्वराज जी को बेटी कहा। चेयरमैन साहब, असल बात यह हैं कि डाक्टर साहब को बेटा–बेटी या भाई बहन कहने का कोई अधिकार नहीं हैं क्योंकि न ये बेटा–बेटी रखते हैं और नही भाई–बहन रखते हैं। (हंसी एंव भाोर) इसलिए इन्होनें अगर बेटी और बच्ची में कोई फर्क समझा हैं तो कोई बात नहीं।

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, चौधरी साहब को इस बात का एहसास होना चाहिए कि मैं भी किसी का बेटा हूं, मैं भी किसी का भाई हूं। सारी बातों की मनोपली उनको नहीं हो सकती हैं।

श्री सभापतिः चौधरी साहब, आपका समय हो गया हैं, अब आप वाइंड–अप कीजिए।

श्री हीरा नन्द आर्यः सभापति महोदय, चौधरी साहब को बोलते हुए काफी समय हो गया हैं। काफी मैम्बर साहेबान बोलना चाहते हैं उनको भी समय मिलना चाहिए।

श्री सभापतिः चौधरी साहब, आप एक मिनट में खत्म करें।

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, मैं एक बात कह कर खत्म करता हूं। अभी बाबू मूल चन्द जी ने फरमाया कि लोकदल का प्रोग्राम अपना लेना चाहिए। चेयरमैन साहब, हम इस

बहस में तो पड़ते नहीं लेकिन एक बात डाक्टर साहब को कहना चाहता हूं कि 2 साल तक हरियाणा में चौधरी देवी लाल जी की सरकार रहीं। उस सरकार में और 6–7 महीने चौधरी भजन लाल जी की सरकार में डाक्टर साहब सैकिण्ड रैंक के मिनिस्टर थे। (ाोर)

डा0 मंगल सैनः चौधरी साहब आप भी चौधरी भजन लाल जी की सरकार में मिनिस्टर रहे हैं। बाद में आपको हटा दिया गया।

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, डाक्टर साहब जिस दो साल के अर्से की सरकार में मिनिस्टर थे उस सरकार की और 6–7 महीने की चौधरी भजन लाल की सरकार की अगर तुलना की जाए तो चौधरी भजन लाल जी की सरकार ने उससे बहुत अधिक काम किया हैं। चेयरमैन साहब, मैं ज्यादा तफसील में न जाता हुआ, चौधरी देवी लाल जी की सरकार के बारे में इतना जरूर कहूंगा कि उन्होंनें कुछ मालगुजारी जरूर खत्म कर दी। चेयरमैन साहब, आपको मालूम हैं कि जब चौधरी देवी लाल जी के नेतृत्व के विरूद्ध अवि वास प्रस्ताव पर अगले दिन राय होनी थी तो उससे पहले रोज 6 एकड़ तक की मालगुजारी माफ करने का फैसला किया गया था ताकि अगली सरकार के लिए कठिनाई पैदा हो। भाोर)

चेयरमैन साहब, 6–7 महीने के अर्से में यह देख कर कि किसानों की हालत बहुत कमजोर हैं इस सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए कुछ फैसले लिए। उदाहरण के तौर पर खालों को पक्का करने पर जो खर्चा आता था उसके लिए अढ़ाई एकड़ तक के किसानो को सारे खर्च कि छूट दी गई और उसके ऊपर कि जितने बिस्वेदार थे उनको आधे खर्चे की छूट दी गई। इस तरह से, जबकि एक मील का खाल पक्का करने पर एक लाख रूपया का खर्च आता हो तो आप अनुमान लगा सकते हैं कि कई सौ करोड़ रूपये की माफी इस सरकार ने किसानों को दी। विघ्न) श्री वीरेन्द्र सिंह जी जब सिंचाई मंत्री थे तो इनसे बारे–बारे प्रार्थना की गई की बीस गुणे तावान को घटा कर कम दो क्योंकि इतना भारी दंड किसानों की कमर तोड़ रहा हैं लेकिन उन्होंनें बार–बार कहने के बावजूद भी ऐसा नहीं किया लेकिन यह सरकार जब आई तो फैसला किया कि तावान की भारह 20 गुना से घटा कर 6 गुना कर दी जाएगी और मुख्यमंत्री जी ने वि वास दिलाया हैं कि इसी इलजाम में इस बारे में बिधेयक पे ा कर दिया जाएगा।

श्री बीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मेरा एक प्वायंट आफ आर्डर हैं। जिन दिनों मैं आई0 पी0 एम0 था उस समय हरियाणा में नहरों में इतना पानी था कि लोग खुद कह कर नहर बंद करवाते थे, कट करने कि किसी को आव यकता ही नहीं थी और न ही कोई तावान के केस बनते थे। विघ्न)

Mr. Chairmen: No interruption please.

चौधरी रिजक रामः मैं श्री बीरेन्द्र सिंह जी के काम की कोई निन्दा नहीं करता लेकिन एक बात अर्ज करना चाहता हूं कि उनके टाईम में अनेक गांवो के लोगों की नई माईनर्ज बनवाने या बढ़वाने के लिए बहुत सी दरख्वास्तें आई लेकिन चौधरी साहब ने हुक्म दिया कि नई माईनेज के बनाने या बढ़ाने का खर्च किसानों से वसूल किया जाए। (ोम, भोम की आवाजें)

श्री वीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, यह गलत बात हैं क्योंकि जिस केस का जिक्र चौधरी रिजक राम जी कर रहे हैं वह केस एक गांव से सम्बन्धित है ंजिसके लिए मैंनें सिफारि ा की थी कि किसानों के ऊपर जो खर्चा डिपार्टमैंट डालना चाहता हैं वह उनसे न लिया जाय और इसी सिफारि ा के साथ फाईल मैंने फाइनैंस डिपार्टमैंट में भेजी थी।

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, इनके अपने गोत का एक गांव हैं 'गुलियाना' जहां हजारों एकड़ जमीन बगैर आबप ाी के पड़ी हैं। माईनर के लिए उन लोगों की दरख्वास्त पर स्वंय चौधरी साहब ने आदे ा दिया कि 68 हजार रूपये यदि गांव के लोग दें तो माईनर बनाई जाएगी। (विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंहः चेयरमैन साहब, यह बात भी गलत हैं। गावं वालों ने एक दरख्वास्त दी थी कि उनसे डिपार्टमैंट 68 हजार रूपया वसूल करना चाहता हैं। उस रिप्रैजेन्टे ान को मैंने

रिकोमैन्ड किया। मैंने यह लिखा कि चूंकि यह पैसा गांव वाले नहीं दे पाएगे इस लिए फाइनैन्स डिपार्टमैन्ट बिना पैसा गांव वाले नहीं दे पाएंगे इसलिए फाइनैन्स डिपार्टमैन्ट बिना पैसा लिए माईनर निकालने की आज्ञा प्रदान करें। (विघन)

श्री हीरा नन्द आर्यः चेयरमैन साहब, अगर हाउस का सारा टाईम चौधरी रिजक राम को ही अलौट होना हैं तो बाकी सदस्य क्या बोलेंगे? भाोर

चौधरी गंगा रामः चेयरमैन साहब, अगर आप हमें समय नहीं देते तो हम एज ए प्रोटैस्ट वाक आउट करते हैं। भाोर

श्री सभापतिः आप बैठिए। सबको समय मिलेगा। चौधरी साहब, आप एक मिनट में अपनी आउट करते हैं। (ाोर)

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि इस सरकार ने फैसला किया हैं कि किसी गांव के रकबे को सिचांई की सुविधा देने के लिए यदि नई माईनर बनाना या बढ़ाना आव यक हैं तो वहां सरकार के खर्च पर माईनर्ज बनाई जाएं और किसानों से कोई पैसा वसूल न किया जाए। (विघ्न)

चौधरी गंगा रामः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, चेयरमैन साहब, मैं आपको बताना चाहता हूं कि चौधरी रिजक राम, जो आज किसानों के लिए आसूं बहा रहे हैं, * * * *

* * * * * * * * * * *

* * * * * * भाोर * * * इन्हें तो असेम्बली से इस्तीफा देना चाहिए। भाोर मैं इस बात के लिए इन्हें चैलेन्ज करता हूं। मैं इस बात को साबित कंरूगा। अगर साबित न कर सकूं तो मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं।

स्थानीय भाासन मंत्री (चौधरी खुर ाीद अहमद): चेयरमैन साहब, चौधरी गंगा राम जी ने जो बगैर परमि ान के बोला हैं और गलत इल्जाम लगाए हैं, वे सारी बातें हाउस की कार्यवाही से ऐक्सपंज होनी चाहिए। भाोर

चौधरी गंगा राम: मैं तो कहता हूं कि यह मामला प्रिविलेज कमेटी में लाया जाए। (विघ्न)

श्री सभापति: वे रिमार्कस ऐक्सपंज कर दिए जाएं। (विघन)

चौधरी रिजक राम: चेयरमैन साहब, चौधरी गंगा राम जी ने फरमाया उसका जवाब मैं अलग से दूंगा क्योंकि इस समय मैं उसका जिक्र करना चाहता हूं। (विघ्न)

श्री भले राम: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चौधरी रिजक राम जी ने हजारों रूपये के मालायें किसानों से लो हैं और आज हाउस मेंये जमीदारों की बात करते हैं। जो भी इन्होंनें मालायें लीं वे डाल लों। (विघ्न)

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, ये तो ज्यादा बोलते हैं। मैं इन बातों में पड़ना नहीं चाहता परन्तु भाई गंगा राम जी से पूछना चाहता हूं। (विघ्न)

चौधरी भजन लालः चेयरमैन साहब, मैं आपकी इजाजत से प्रार्थना करना चाहता हूं कि दोनों तरफ के मेम्बरान को हाउस को डेकोरम रखना चाहिए, मर्यादा को कायम रखना चाहिए। जिस ढंग से हाउस में हो रहा हैं ऐसा नहीं होना चाहिए। प्रैस गैलरी और विजिटर गैलरी में लोग बैठे हुए हैं। ये मैम्बरान के बारे में क्या सोंचेंगे? हर बात पर प्वायंट आफ आर्डर उठाना उचित नही। हमारा यह फर्ज हैं कि हम हाउस के वकार को ऊंचा रखें।

श्री मूल चन्द जैनः चेयरमैन साहब, चीफ मिनिस्टर साहब ने जो कुछ कहा हैं उसके साथ मै भी अपने आपको ऐसोि िएट करता हूं और अपनी पार्टी तथा जनता पार्टी के दोस्तों से अपील करता हूं कि वे हाउस में डिस्पिल मैनटोन करें और हाउस में डैकोरम रखे।

डा0 मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मुख्य मंत्री जी ने बात कही हैं मैं उसका वैलकम करता हूं। हाउस का डेकोरेम रखना बड़ा जरूरी हैं। चौधरी रिजक राम जी से भी मैं कहूंगा कि वे अब इस बात को खत्म करें।

श्री सभापतिः मैम्बरान साहेबान से मैं रिक्वैस्ट करूंगा कि जब भी कोई बोले तो उसको डिस्टर्ब न किया जाये।

चौधरी रिजक रामः चेयरमैन साहब, छः सात महीने के अर्से में इस सरकार ने 36 माइनर्ज मंजूर की हैं जिन पर करोड़ो रूपया खर्च होगा। इन माइनर्ज को पूरा करने के लिए किसानों से कोई भी पैसा नहीं लिया जायेगा। पहली सरकार के टाईम पर बैनिफि ारीज से पैसा लिया जाता था लेकिन इस सरकार ने उसको माफ कर दिया हैं। पहले पुलों के बारे में यह नियम था कि एक पुल का दूसरे पुल से अढ़ाई मील का फासला हैं तो वहां पर भी जमींदारों से पुल बनाने पर खर्चा लिया जाता था परन्तु हमारी सरकार ने यह फैसला किया हैं कि बड़ी नहर पर पुल बना हो और उससे एक मील के फासले पर नया पुल बनना हो तो भी खर्चा नहीं लिया जायेगा और छोटी नहर पर एक किलोमीटर के फासले पर कोई दूसरा पुल बनाना पड़े तो भी सरकार अपने खर्च से ही बनायेगी। चेयरमैन साहब, कोई पार्टी हो, चाहे लोकदल हो या कांग्रेस पार्टी हो सभी को किसानों का ख्याल हैं। यह कहना कि लोकदल हो या कांग्रेस पार्टी हो सभी को किसानों का ख्याल हैं। यह कहना कि लोकदल वालों के दिल में जयादा दर्द हैं यह बिल्कुल गलत बात हैं। इस सरकार के आने के बाद छः सात महीने में जो कायम हुए हैं वे भाायद दो साल में भी नहीं हो पाये होंगे।

चौधरी उदय सिंह दलाल (बादली): चेयरमैन साहब, इस गवर्नर ऐड्रैस में भाुरू में ही इन्दिरा गान्धी की तारीफ की गयी हैं। मैं इस बारें मे ज्यादा क्या कहूं वे हमारे दे ा के प्रधानमंत्री हैं

लेकिन मैं इतना कहना चाहता हूं कि जितने अन–डेमोक्रेटिव तरीके से चुनाव के दिनों में गलत बातें और भ्रश्टाचार हुआ हैं उसकी मिसाल सारी दुनियां के इतिहास में नहीं मिलेगी।

चेयरमैन साहब, इस गवर्नर ऐड्रैस के पैरा पांच के अन्दर किसानों की पैदावार बढ़ाने की बात की गई हैं। यह बड़ी अच्छी बात है। अगर कोई भी सरकार पैदावार बढ़ाने की बात करती है तो मैं उसकी तारीफ करूंगा लेकिन आज के दिन किसानों का जितना नुकसान हो रहा हैं वह बेमिसाल हैं। किसानों को बिल्कुल डीजल नहीं मिल रहा हैं। डीजल न मिलने के कारण किसानों की फसल सूख रही हैं। किसानों ने किसी न किसी तरीके से डीजल लेकर ट्यूबवैल से अपनी फसल में पानी दिया हैं परत्नु आज आखिरी पानी के बिना उनकी फसलें सूख रहीं हैं। आज डीजल न मिलने से किसान तड़प रहा हैं, उसके जवान बच्चे और लड़कियां डीजल लेने के लिए लाइनों में लगे हुए हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। अगर कोई ट्रक वाला राजस्थान, पंजाब या मध्यप्रदे ा का डीजल लेना चाहता है तो उसको पांच रूपये लीटर के हिसाब से पैट्रोल पम्प वाले उसी समय डीजल दे देते है। चेयरमैन साहब, नागर साहब भी देहात के रहने वाले हैं। उनको जमींदारो की तकलीफों को समझना चाहिए। मैं उनको चिड़ाने या नुक्ताचीनी के नाते से नहीं कह रहा हूं। बल्कि जो सही दिक्कत हैं वह बता रहा हूं। मैं यहां पर दावे से कहता हूं की डीजल की हरियाणा में ब्लैक हो रही हैं। अगर

ब्लैक न हो रही हैं तो मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं। अगर किसान को डीजल नहीं मिलेगा तो उनकी पैदावर कैसे बढ़ेगी? नजरबन्दी कानून भी हैं लेकिन उसके बाद भी डीजल ब्लैक में बिक रहा हैं। जो लोग डीजल ब्लैक में बेचते हैं उनको नजरबन्दी कानून के तहत गिरफ्तार करना चाहिए। अब सरकार मेरे से पूछेगी कि डीजल की ब्लैक किस भाहर में हो रही हैं। मैं उनको बताना चाहता हूं कि मेरे झज्जर भाहर में ब्लैक हो रही हैं। सारे के सारे पैट्रोल पम्प वाले ब्लैक कर रहे हैं। मैं सारे हरियाणा का तो टूर नहीं कर सकता लेकिन झज्जर में रहता हूं वहां कि बात मैंने हाउस के सामने बता दी हैं। आपके जरिए सरकार से निवेदन हैं कि इस गलत काम को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिएं। चेयरमैन साहब, मैं उनको एक और सबूत देने के लिए तैयार हूं। वे इसे बे ाक पड़ताल करा लें। चुनाव के दिनों में जो इस सरकार की राय देने की हां भरता था उसको पांच–पांच सौ लीटर डीजल मिल जाता था लेकिन जो हां नही भरता था उसको बिल्कुल नहीं मिलता था। ठाकुर बीर सिंह जी को भी पता होगा कि कुतानी गांव के किसानों ने ब्लैक में डीजल खरीदा और वे बयान भी देने के लिए तैयार हैं। तो आप अन्दाजा लगाएं कि बिना डीजल मिले उनकी पैदावर कैसे बढ़ सकती हैं। एम0 एल0 ए0 और मिनिस्टरों के रि तेदारों को तो डीजल मिल जाता हैं या बड़े बड़े साहूकारों को मिल जाता हैं लेकिन गरीब किसानों को बिल्कूल डीजल नहीं मिलता हैं। चेयरमैंन साहब आपके जरिए मेरी सरकार से गुजारि ा है कि हरियाणा भवन को छोड़कर वे लोग

गांवो के टूर कर लिया करें। इनके गांवो में जाने से लोगों को ज्यादा फायदा होगा। आज लागों को बड़ी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा रहा हैं।

हरियाणा में नहरों पर करोड़ो रूपया खर्च किया जा रहा हैं। अब एक नई नहर एस0 आई0 एल0 बनायी जा रही हैं। मैंने चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी को भी था कि इस नहर पर जो पैसा लग रहा हैं यह बेकार ही जा रहा हैं। आप इस नहर की कितनी ही खुदाई करायें या इस पुल आदि बनवांए लेकिन इसका किसानों को कोई लाभ नहीं होगा। इस नहर के अन्दर चूहे पैदा हौंगे और आपका करोंड़ो रूपया बेकार जाएगा। पहले आप इस पानी के बारे में फैसला कर लें तभी इस नहर को खुदवाया जाये। आप इस पैसे से और बहुत से काम कर सकते हो जो लोगों की भलाई के है। इस रूपये से वाटर सप्लाई स्कीम बनायें, हस्पताल बनायें, सड़के बनायें, मंडियों ताकि लोगों को सुविधा हो।

चेयरमैन साहब, चौधरी रिजक राम जी मेरे बाप के बराबर हैं और वे हमारे से काफी सीनियर एम0 एल0 ए0 हैं। हम तो पुलिस में घूमने वाले आदमी हैं। वे सन् 1952 से चले आ रहे हैं परन्तु वे आज तक यह फैसला नहीं कर पाया हैं कि कौन सी पार्टी में जायें। मैं अपनी सारी जिन्दगी में एक ही सियासतदान देखा हैं जिसकी मंजिल का आज तक पता नहीं चला पा रहा हैं कि वे कहां और किस पार्टी में जाना चाहते हैं। चौधरी साहब आपको कहीं भी जगह न मिले तो हम सर झुकाते हैं, हमारी तरफ

आ जाओ। हम आपको कभी न कभी मुख्य मंत्री भी बना देंगे। हंसी)

चेयरमैन साहब, यहां हाउस में गेहूं के भाव में भी जिक्र आया। गेहूं के भाव के बारे में तो चाहे कोई भाई रूलिंग पार्टी में या अपोजी ान में हैं सभी की एक रास हैं कि किसानों को अधिक से अधिक भाव दिलायें जायें परन्तु सरकार ने यह क्वालिटी इंस्पैक्टर लगा रखे हैं ये जमीदारों को बढ़ा तंग करते हैं। जो क्वालिटी इंस्पैक्टर को पैसे दे देता है तो वे क्वालिटी इन्सपैक्टर दाने दाने को गिनने लग जाते हैं और पचासों किस्म की बातें करते हैं कि यह गेहूं 115 रू0 क्विंटल के भाव से नही खरीदा जा सकता हैं। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जहां आप किसानों को बढिया भाव दें वहां पर क्वालिटी सिस्टम को खत्म करें। यह तो सांप किसानों के गले मे लटक रहा हैं इसलिए इस सिस्टम को खत्म करें।

(17.00 बजे) चेयरमैन साहब, जितने भी दु:ख देने वाले महकमें हैं वह सभी मेरे दोस्तो श्री नागर साहब के पास हैं चाहे क्वालिटी इन्सपैक्टर का हो, चाहे तेल का हो या डीजल को हो। मुझे बड़ी खु ाी हैं कि मेरे दोस्त इस राज में भी राज में भी वजीर हैं। लोग मुझे कहते हैं कि नागर साहब का क्या हाल हो रहा हैं? मैं चाहता हूं क वे क्वालिटी इन्सपैक्टर वाली बात की तरफ तथा डीजल वगैरह की जो कमी हैं उसकी तरफ भी ध्यान

दें। हरियाणा भवन में तो उन्होंनें बहुत मौजे ले ली हैं अब वे गांव की तरफ भी ध्यान दें।

अब मैं को–ओप्रेटिव डिपार्टमैंट के बारे में भी अर्ज करना चाहता हूं। इस गवर्नर ऐड्रैस के पैरा 13 में को–आप्रेटिव डिपार्टमैंट के बारे में काफी कुछ कहा गया हैं। को–आप्रेटिव डिपार्टमैंट ने बड़ी तरक्की की हैं, उससे लोगों को काफी राहत मिली हैं। किसानों को भी अपनी तरक्की मैं काफी बढ़ावा मिला हैं। लेकिन हमारी बदकिस्मती यह हैं, जो महकमें की बदनामी की लहर है इसको हम आज तक खत्म नहीं कर सके है। इस सरकार ने तो अभी 15 दिन पहले ही नया जनेऊ पहना हैं। हंसी) मेरी इनसे प्रार्थना हैं कि को आप्रेटिव सोसाईटियों मे गलत तरीके से जो काम होते है उनको ये खत्म करें और जो बदनामी इस डिपार्टमैंट की है, इस मे पर्सनल इंट्रैस्ट ले कर इस बदनामी को भी खत्म करे। चेयरमैन साहब, यह जो इंजन खरीदने वाला सिस्टम है यह सरकार ने बहुत ही अच्छा काम किया है कि किसानो पर जो पाबंदी होती थी उसको खत्म कर दिया है। किसानों को जो कर्जा देगें उससे वे अपने बढ़िया इंजन कहीं से भी खरद सकते हे और महकमे को सिर्फ रसीद ला करके दे देंगे।

चेयरमैंन साहब, यह दहाने पुखता करने की जो स्कीम है इससे नहरो के अंदर पानी बढ़ेगा और आबप ाी भी बढ़ेगी। जितना खर्चा किया हे वह जनता सरकारने किया या किसी और सरकार ने किया है मैं उसकी सराहनाकरता हूं। इस के साथ ही

साथ मै अपील करता हूं कि इस पर जो मैटीरियल लगे उसकी तरफ ज्यादा से ज्यादा निगरानी की जाये। यह महकमा मेरे पड़ोसी मिनिस्टर के पास है। अगर सीमेंट वहां पर बिकेगी तो वे दाहने खराब बनाएंगे और सरकार को इससे काफी नुक्सान होगा क्योंकि दाहने वालो के आसपास मकान वाले घूमते रहते है ताकि किसी तरीक से उन्हे सीमेंट मिल जाये। इसलिये हमें भी उनसे सतर्क रहना चाहिएं (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए) स्पीकर साहब, मैं आपके जरिये हाउस को बताना चाहता हूं कि 13 लाख रूपये रोहतक के प्लांट का बकाया है। यह प्लांट गरीबों का दूध लेने वाला प्लांट हैं इसका रूपया अभ डयू है। वह दिखाया जाये। यह महकमा आरणीय सरदार तारा सिंह जी के पास है। मेरी इंफर्मे ान यह है कि यह बहुत बड़ा अमाउंट नही है, इसलिये यह अमाउंट जल्दी से जल्दी दिया जाना चाहिए।

स्पीकर साहब, अब मैं इण्डस्ट्रीज के बारे मे कुछ कहना चाहता हूं। लिखने को तो हर साल लिख दिया जाता है कि इण्डस्ट्रीज बड़ी डिवैल्प कर रही है। लिखने का यह सिस्टम पहले से ही चला आ रहा है। यही सिस्टम पहली सरकारों का भी रहा है और इस सरकार का भी है। मैंने डॉ. मंगल सैन जी को भी बताया था कि दुलेहड़ा के अंदर जो रूरल इण्डस्ट्री लगाई है उसमे किसी को भी रा मैटिरीयल नही मिल रहा है। वहां पर एक साबुन की फैक्टरी है। वे 9 रूपये के हिसाब से सोड़ा कास्टिक खरीद रहे है। और अपनी फैक्टरी चला रहे है और यह सारे के सारे नए

लड़के है। इनको सरकार की तरफ से न कोई गाईड लाईन मिलती है और न ही कोई मार्किट मिली है। पुरानी फैक्टरी वाले इनको कामयाब नही होने देते । मैं आपकी मार्फत यह कहूंगा कि इस मामले मे आप स्वयं दिलचस्पी ले।

जनता पार्टी के राज मे गांवों मे फैक्टरी लगाने वाले लोगों मे हरिजना भाइयों को भी भाामिल करके फैक्टरी चलाने का सिस्टम लागू किया गया था । वइ इसलिये किया था ताकि भाहरो के आ दमी ही इस माल को न खा जायें और अमीर आदमी अपनी ब्रांचे गांवों के अंदर न खोल ले। इसलिये गांवो के अंदर जो लोग फैक्टरी लगाते है उनको भी ट्रेन्ड किया जाना चाहिए ताकि वह भी अपना माल ठीक दामों पर बेच सके। (घंटी) स्पीकर साहब, मैं एक ही मिनट मे खत्म कर देता हूं। यह जो राज्यपाल महोदय का अभिभाशण है, यह जनता पार्टी के राज की किताब छपी हुई है। इस मे जो योजनाएं है वे हमारे समय की है। इसयिले मैं उन बातो को तो ध्यान मे रखते हुए इनको मुबारिकबाद देता हूं। अगले साल जो गवर्नर ऐड्रैस आयेगा वह कांग्रेस सरकार की तरफ से आयेगा उस ऐड्रैस को ये पढ़ पायेंगे या उससे पहले ही यह सरकार खत्म हो जायेगी। मैं उस बात मे जाना नही चाहता । (हंसी एंव विघ्न)

स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी से मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि चुनावों के दिनों मे जिन सरपंचो को सस्पैंड किया गया था। उनको अब बहाल किया जाये। जब आपकी यह सरकार

सस्पैंड नही हो सकती तो उन सरपंचो को क्यों सस्पैंड यिका हुआ है ? वे भी जनता के नुमाइंदे है। उनको बख्भा दो।

स्पीकर साहब, एक सबसे जरूरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह हे कि अनाज के बदले जो काम को स्कीम चालू की गई यह सबसे बेहतरीन स्कीम है। इस स्कीम के तहत गांवों के जो रास्ते है या और कोई काम है वे भी पूरे हो जायेगे और लोगो कों अनाज भी मिल जायेगा। अब मैं सरकार को एक सुझाव दूंगा कि यदि किसी गांव मे कहीं पर मिट्टी डालनी है और उस गांव के पास मिट्टी नही मिलती है तो वहां पर मिट्टी डालने के लिये ऊंट रेहड़ी या बैलगाड़ी द्वारा मिट्टी ला कर डालनी चाहिएं सिर पर इतनी दूर से मिट्टी नही लाई जा सकती। मेरा इस संबंध मे यह सुझाव है कि यह जो मस्टरोल का कानून आपने बनाया हुआ है इसको खत्म किया जाये। मस्टरोल पर ऊंटगाड़ी, रेहड़ी या बैलगाड़ी नही दिखाई जा सकतीं जिस प्रकार से पी.डब्ल्यू.डी. वाले अपने ट्रकों से मिट्टी डालते है उसी प्रकार से गांवो वालों को भी अपने रास्तों के लिये ऊंट गाड़ी, रेहडी या बैलगाड़ी से मिट्टी डालने की इजाजत होनी चाहिए ताकि गांवो के लोगो को अधिक मात्रा मे काम के बदले मे अनाज मिल सके। अंत मे मैं फिर कहना चाहूंगा कि सरपंचो पर जो झूठे मुकदमें बनाए हुआ है वे खत्म किये जाये।

श्रीमती सुशमा स्वराज (अम्बाला छावनी): अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने

सदन मे आने के फौरन बाद मुझे बोलने के लिये समय दिया। इसके साथ ही मैं एक गुजारि ा भी आपसे करना चाहूंगी कि जैसे रबड़ का एक मिनट चौधरी रिजक राम जी को बोलने के लिये दिया गया था जो बढ़ते बढ़ते तक घण्टे का हो गया वैसे ही रबड़ का एक मिनट मुझे भी दे तो मैं आपकी आभारी हूंगी ताकि मै भी आपनी सारी बाते कह सकूं। (व्यवधान व भाोर)

श्री अध्यक्षः आपके बोलते समय कोई और नही बोलेगा। आप कृपया करके 10 मिनट के समय मे ही अपनी बात समाप्त करें।

श्रीमती सुशमा स्वराजः अध्यक्ष महोदय, इस बार बड़ी ही हास्यामद स्थिति मे राज्यपाल महोदय ने अभिभाशण पर चर्चा हो रही है। वास्तव मे राज्यपाल महोदय के अभिभाशण मे जिन उपलब्धियों का या जिन योजनाओं का जिक्र किया गया है, वे तमाम की तमाम उपलब्धियां चौधरी भजन लाल की जनता सरकार के समय की है और वे योजनायें जब केंद्र मे जनता सरकार थी, तब की है। अध्यक्ष महोदय, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बन गयी है जिन लोगो को इन उपलब्धियों को मुखालफित करनी थी या आलोचना करनी थी, उन्ही को इसकी प्र ांसा करनी पड़ी है। अगर वे आज अपनी पहले वाली जगह पर होते हो तो वे इसकी आलोचना करते और इन उपलब्धियों की प्र ांसा न करते । अगर आज स्थिति ऐसी आ गयी है कि जिन लोगो को इसकी आलोचना करनी चाहिए थी, उनको इसकी प्र ांसा करनी पड़ी है और

जिन्होंने स्वयं इन उपलब्धियों को प्राप्त किया है, योजनाएं बनाने मे सहयोग दिया है उन्हे इनकी मुखालफित करनी पड़ रही है। यह एक अजीब संयोंग हैं कल जब चौधरी भोम ोर सिंह जी धन्यवाद प्रस्ताव पेश करने के लिये बड़े हुए तो मुझे ऐसा लगा कि जैसे वे बड़े अनमने मल से अपनी बात कह रहे हों मैं मूल चंद जैन जी की इस बात से भात प्रति ात सहमत हूं कि उन्होंने इस तरह से धन्यवाद प्रस्ताव पे ा किया जैसे कि उनको कोई अन प्लैजैंट डियूटी निभानी पड़ रही हो। वे जब कल बोल रहे थे तो ऐसा लग रहा था जैसे अनमने भाव से वे भाब्द अपनी गली से नीचे उतार रहे हो और भाब्द उनके गले मे अटक रहे हो। और ऐसा हो भी क्यो न ? अध्यक्ष महोदय, जिन लोगो ने चुनावों के दौरान इनकी उपलब्धियों का और इनके कामो का विरोध किया, वे कैसे इनकी प्र ांसा कर सकते है। आप यह मानेंगे कि अब उन तमाम बातो को अपने गले के नीचे उतारना ओर उनकी प्र ांसा करना, किसी आदमी के बास की बात नही है। खैर, उन्होंने बीच का रास्ता निकाल ही लिया। जो उपलब्धियां थी, वह तो उन्होंने यह कहा कि जो वाल्मीकियों के 50 रूपये बढ़ाये, वह तो हमारी सरकार ने बढ़ाये और जो हरिजनो पर ज्यादती की, वह जनता सरकार ने की, उन्होंने तो ऐसे किया कि मोठा मोठा गप्प और कड़वा कड़वा थू। मैं काफी देर तक सोचती रही हूं कि इन लोगा को कैसे डिफरैं ीयट करूं कांग्रेसी नंबर वन और दो कहूं या नकली असली कांग्रेसी कहूं। मगर यह भाशा सदन के अनुकूल नही दीखती। तो अंत मे मैंने यही सोचा कि ओरिजनल कांग्रेसी और

एडॉप्टिड कांग्रेसी ही कहूं तो अच्छा रहेगा यानी मूल रूप से और गोद लिये हुए कांग्रेसी । चौधरी भजन लाल सरकार पहले तो कभी ऐसी गलती नही करती थी पता नही इस बार कैसे हो गयी। मेरा कहना यह है कि उनको किसी गोद लिये हुए कांग्रेसी को धन्यवाद प्रस्ताव पे ा करने के की डयूटी लगानी चाहिए थी ताकि यह (हंसी और भाोर) अपनी बात पुरजौर तरीके से और अच्छे तरीक से कहते। चौधरी भाम ोर सिंह जी ने तो केवल मात्र फारमैलिटी पूरी करनी थी जो उन्होंने रूक रूककर कर दी। उनको भाब्द बड़े चबाने पड़े। अध्यक्ष महोदय, मुझे कम से कम इस बात का सौभाग्य प्राप्त नही है कि मुझे कभी भी भाब्द चबाने नही पड़ते है। जब जनता पार्टी की सरकार थी यानी जब मैं सत्ताधारी पार्टी मे थी तब कभी मैंने समर्थन के लिये समर्थन नही किया। आज विपक्षी बैंचों पर बैठी हूं तो विरोध के लिये विरोध नही करूंगी। मैं मानती हूं, अध्यक्ष महोदय, कि व्यक्ति का न तो समर्थन अंधा होना चाहिए न विरोध अंधा होना चाहिए। समर्थन मे आलोचनात्मक पुट हो और विरोध मे रचनात्मक तो लोकतंत्र मजबूत होता है। मैं हमे ाा से इस बात मे वि वास करती हूं कि स्पोर्ट क्रिटिकल हो और अपोजी ान कांस्ट्रक्टिव और उसी कसौटी पर मैं आज भी राज्यपाल महोदय के अभिभाशण मे उठाये गये कुछ विशयों पर अपने विचार सदन के सामने रखना चाहूंगी। अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय के अभिभाशण के पृश्ठ 4 पर उन्होंने यह कहा है कि हरियाणा क्षेत्र मे सतलुज यमुना लिंक कैनाल के निर्माण का कार्य जून, 180 तक पूरा होने की प्रत्या ाा

है। मैं इसके बारे मे किसी कंट्रोवर्सी मे नही पड़ना चाहती। केवल यही कहूंगी कि इससे इस प्रदे ा की समृद्धि का प्र न जुड़ा है। यह पानी जब तक इस प्रदे ा को नही मिलेगा ब तक यहां पर प्रगति नही हो सकती। आपको पता है इस प्रदे ा मे कितने ही मुख्य मंत्री आये और चले गये कितने ही दलों की सरकारे बनी और चली गई लकिन यह मसला आज तक यों का यों बना हुआ है। राज्यपाल महोदय के अभिभाशण मे यह भी लिखा हुआ है कि यह मसला अब सुप्रीम कोर्ट मे चला गया है। जब कोई केस सुप्रीम कोर्ट मे चला जाये तो जल्दी से उसका निपटाना नही हो सकता। आपको पता है आज केंद्र मे, जो हमारे पहले यहां कृशि मंत्री होते थे और लीडर आफ दी अपोजी ान भी रहे है, राव बीरेंद्र सिंह, कृशि मंत्री के पद परी सु ाोभित है। गृह मंत्री ज्ञानी जेल सिंह जी के साथ चौधरी भजन लाल जी के साथ भी इनके संबंध अच्छी रहे है। (व्यवधान व भाोर) श्रीमती इंदिरा गांधी के साथ भी इनके संबंध अच्छे थे लेकिन बाद मे टूट गये और दुबारा संबंध बनने मे कुछ समय लगता है। लेनिक मुझे इतना जरूर पता है कि इनके ज्ञानी जैल सिंह जी के साथ अच्छे संबंध है। इसलिये मैं चौधरी भजन लाल जी से यह कहना चाहूंगी कि आप राव बीरेन्द्र सिंह जी से और ज्ञानी जैल सिंह जी से अपने संबंधों की सहायता से इस मसले को जल्दी से जल्दी सुलझाये। अब तो पंजाब मे भी कोई सरकार नही है। इसलिये इसका वहां पर भी विरोध नही होगा। मैं यह चाहूंगी कि इस मामले मे सुप्रीम कोर्ट के वरडिक्ट की इंतजार किये बिन इसको हल करने के प्रयत किये जाये। हरियाणा की

जनता इससे सुखी होगी और आपको बधाई देगी। आप तो ठीक है 1980 मे ही अपने हिस्से की चैनल बना लेंगे लेकिन इसको तब तक फायदा नही है जब तक वहां पर पानी न आये। इसी पृश्ठ 4 पर पैरा 10 के बारे मे चौधरी रिजक राम जी ने डिटेल मे बात कह दी है। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगी कि सूखे व वर्शा के अभाव के कारण पानी और बिजली की कमी पूरी नही हो सकती। थर्मल प्लांटों के साथ एक वि ाियस सर्किल जुड़ा हुआ है। इनको चलाने के लिये कोयला चाएिह, कोयला लाने के लिये रेलवे वैगन्ज चाहिये। पहले तो कोयला मिलला ही नही है और अगर मिल भी जाये तो रेलवे वैगन्ज नही मिलती है। मार ओवर, थर्मल प्लांटो के द्वारा पैदा की हुई बिजली महंगी पड़ती है और यदि हम प्लांट एक बार खराब हो जाये तो जल्दी से ठीक भी नही होते। मैं एक बात यमुना नगर पन बिजली योजना के बारे मे कहना चाहूंगी। केवल मात्र यही एक हरियाणा मे हाईडल प्रोजैक्ट है। हमारा यह तो दुर्भाग्य है कि हमारे यहां पर कोई बड़ी नदी नही है। जो एक नदी है—साहबी, वह वैसे सूखी रहती है और बरसाल मे वह सिर्फ बाढ़ और तबाही लाती है। यमुना नगर हाईडल प्रोजैक्ट मे चार फेसिज मे 16—16 मैगावाट बिजली का उप्तादन किया जोयगा। हमने पिछले दिनो अखबारो मे यह पढ़ा था कि यू.पी. गवर्नमैंट के साथ इस बारे मे कोई झगड़ा है। वहां पर भी आजकल कोई सरकार नही है। यू.पी. गवर्नमैंट भी आजकल राश्ट्रपति भाासन लागू है। मैं यह चाहूंगी कि इस बारे मे यदि कोई समस्या है तो उसका तत्काल हल ढूंढा जाये। अगर इस तरह की कोई योजना

सिरे न चढ़ी तो बिजली का संकट और भी ज्यादा होने वाला है। अगर सरकार वाकई किसान को राहत देना चाहती है, तो इसको सिरे चढ़ाना चाहिए। यमुना नगर पर बिजली परियोजना के बारे मे वहां के राज्यपाल से बात करके कोई न कोई ऐसा तरीका निकाले जिससे कि हम इस योजना को बना सके । पृश्ट 7 पर पैरा 15 मे काम के बदले अनाज कार्यक्रम का जिक्र किया गया है। काम के बदले अनाज देने वाली योजना एक बहुत अच्छी योजना है। इस योजना को गांवों मे पक्की सड़कें बनाने व गांवो मे अस्पताल बनाने के लिये लागू किया जा रहा है। भाायद चौधरी भजन लाल जी के नोटिस मे एक बात नही है। मैं उनके नोटिस मे यह बात लाना चाहती हूं कि इस काम के बदले अनाज योजना ने गांव के अंदर तनाव पैदा कर दिया है। वहां के हरिपन लोग यह समझते है कि यह योजना केवल उन्ही लोगो के लिये बनाई गयी है। हमारी सामने बहुत ज्यादा ि ाकायतें आई कि गांव का जो सरपंच होता है वह जो हरिजन है या गरीब लोग है, उनके अतिरिक्त दूसरे लोगो को लगा देता है। जो दूसरे लोग लगाए जाते है वे काफी सम्पन्न होते है। उनके पास ट्रैक्टर होते है, उनके पास गाड़ियां होती है, सरपंच उनको कह देता है कि काम मे विलम्ब हो रहा है इसलिये अपने ट्रैक्टर लगाकर काम समाप्त कर दो। अध्यक्ष महोदय, ऐसा करने से यह होता है कि जो अनाज हरिजनो को जाना चाहिए था, वह सारे का सारा अनाज उन सम्पन्न लोगा को चला जाता है और इस तरह से जो योजना बनाई जाती है तो वह बहुत अच्छी होती है लेकिन जब उस योजना पर अमल आरम्भ

होता है तो गड़बड़ आरम्भ जो जाती है। इसलिये मैं कहना चाहती हूं कि काम के बदले अनाज की जो योजना है, यदि उस पर उसी ढंग से अमल किया जाये जिस उदे य से यह योजना बनाई गई है तो उससे हरिजनो को तथा समाज के दूसरे गरीब लोगा को बहुत लाभ मिल सकेगा। अध्यक्ष महोदय पृश्ठ 9 पर पैरा 18 मे कहा गया है कि सरकार ने एक साहित्य अकादमी की, जो एक स्वायत ाासी निकाय है, स्थापनी की है। अध्यक्ष महोदय, इसके आदे मे मैं एक बात कहना चाहती हूं कि सरकार ने यह तो कह दिया कि एक साहित्य अकादमी की स्थापना की है लेकिन यह जिक्र नही किया कि कौन से विभागो का गला घोंटकर यह साहित्य अकादमी स्थापित की गई है अध्यक्ष महोदय, भाायद आप यह नही जानते कि दो प्रमुख विभागो का गला घोटकर इस अकादमी को बनाया गया है। हरियाणा प्रांत मे एक भाशा विभाग होता था और 1970 मे एक ग्रन्था अकादमी बनाई गई थी। उस समय हर सूबे मे एक एक ग्रन्थ अकादमी बनाई गई थी और पंचवर्शीय योजना मे हकरेक के लिये एक एक रूपया निर्धारित किया गया था ताकि वे ग्रन्थ अकादमियों पुस्तक छपवाकर रूपया रिइम्र्बस कराएं। यू.पी. बिहार, उड़ीसा, इन सभी प्रान्तों की ग्रन्थ अकादमियों ने पूरी एक करोड़ रूपये का प्रयोग किया जबकि वहां की हमारे यहां की ग्रन्थ अकादमियों ने केवल 27 लाख रूपये का प्रयोग किया। अध्यक्ष महोदय, यहां पर यह लिखा गया है कि यह एक स्वायत ाासी निकाय है यानी औटानोमस बौडी है लेकिन अध्यक्ष महोदय, मैं आपको इसकी संरचना, इसकी कम्पोजी ान

